आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 17 अक्टूबर 2023 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-200 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 अक्टूबर 2023 रू. 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

माता चन्द्रघण्टा

मुठभेड़ में 8 लाख का इनामी नक्सली ढेर

बीजापुर,17 अक्टूबर। विधानसभा चुनाव से पहले पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं केरिपु 170 की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में 8 लाखे के इनामी नक्सली को मार गिराया. नक्सली के शव के पास से एक एके-47 बरामद किया गया है. मारा गया नक्सली नेता नागेश मद्देड एरिया कमेटी का सचिव है. मुठभेड़ के बाद सर्चिंग अभियान जारी है. कोरंजेड-बंदेपारा के जंगल में मद्देड़ एरिया कमेटी प्रभारी ष्ठङ्कष्टरूनागेश, सचिव बुचन्ना, विश्वनाथ के साथ 15-20 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी. इस पर आज सुबह बीजापुर से डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं केरिपु 170 की संयुक्त टीम अभियान पर निकली थी. सर्चिंग के दौरान बंदेपारा के जंगल में पुलिस और माओवादियों की बीच मुठभेड़ हुई. सुरक्षा बल के जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग निकले. मुठभेड़ के बाद सर्चिंग के दौरान एक नक्सली नेता नागेश का शव और एक एके47 हथियार बरामद किया गया है. बताया जा रहा कि नक्सली कमांडर चुनाव के दौरान बड़ी वारदात को फिराक में था.

700 कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल

जगदलपुर,17 अक्टूबर। कांग्रेस की दूसरी सूची जारी होने से पहले ही 700 कांग्रेस कार्यकार्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, भानपुरी और मर्दापाल में कांग्रेस कार्यकार्ता भाजपा में शामिल हुए हैं। भाजपा महामंत्री केदार कश्यप ने इन सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा की सदस्यता दिलाई है

कांग्रेस में शामिल हुए 25 कार्यकर्ता

सुकमा,17 अक्टूबर। प्रदेश में दो चरणों में मतदान होने हैं, जिसमें पहले चरण का मतदान 7 नवबंर को और दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को होने हैं। वहीं, 3 दिसंबर को परिणाम आने हैं। वहीं, आज बीजेपी को जोरदार झटका लगा है। विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी के 25 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। मंत्री कवासी लखमा की मौजूदगी में सभी ने कांग्रेस में प्रवेश किया। बता दें कि सभी भाजपा कार्यकर्ता जिला मुख्यालय से लगे मुरतोंडा के हैं।

समलैंगिकों की शादी को मान्यता देने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

■ **नई दिल्ली,17 अक्टूबर।**

समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से जुड़े मामले पर आज सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अहम फैसला सुनाया है, जिसने देश के सामाजिक और राजनीतिक जगत का ध्यान खींचा है। मामले पर फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश धनंजय चंद्रचूड़ ने कहा कि उद्धरण केवल कानून को परिभाषित कर सकता है। साफ कहा गया है कि कानून नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर अदालत स्त्रक्ष्क्षत्तद्ध+ समुदाय के सदस्यों को विशेष विवाह अधिकार देने के लिए विशेष अधिनियम की धारा 4 को पढ़ती है या उसमें कोई शब्द जोड़ती है, तो यह विधायिका के अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप होगा।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि समलैंगिकता सिर्फ एक शहरी अवधारणा नहीं है। यह केवल शहरी वर्ग तक ही सीमित नहीं है। न केवल अंग्रेजी बोलने वाले गोरे, बल्कि गांव की एक किसान महिला भी समलैंगिक होने का दावा कर सकती है। ऐसी छवि बनाना कि ऐसे लोग केवल शहर में ही रहते हैं, उन्हें ख़त्म करना है। यह नहीं कहा जा सकता कि शहर में रहने वाले सभी लोग कुलीन हैं।

चीफ जस्टिस ने आगे कहा कि अब विवाह की संस्था बदल गई है। सती और विधवा पुनर्विवाह से लेकर अंतरधार्मिक विवाह तक, कई बदलाव हुए हैं। यह एक निर्विवाद तथ्य है और ऐसे कई बदलाव संसद के माध्यम से आये हैं। कई वर्ग इन बदलावों के ख़िलाफ़ रहे हैं। लेकिन फिर भी एक बदलाव आया है। उसके लिए, यह कोई निश्चित या अपरिवर्तनीय इकाई नहीं है।मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम संसद या राज्य विधानसभाओं को विवाह की नई संस्था बनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। न ही हम विशेष विवाह अधिनियम को केवल इसलिए असंवैधानिक करार दे सकते हैं क्योंकि यह समलैंगिक विवाहों को मान्यता नहीं देता है। क्या विशेष विवाह अधिनियम में बदलाव की जरूरत है? संसद को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। साथ ही कोर्ट ने विधानमंडल के अधिकार क्षेत्र में प्रवेश करने में सावधानी बरती।

'भड़काऊ' भाषण के लिए चुनाव आयोग से शाह पर मामला दर्ज करने का आग्रह

■ **नई दिल्ली,17 अक्टूबर।**



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की राज्य में सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए भुनेश्वर साहू की हत्या पर उनके भड़काऊ बयान के लिए कांग्रेस ने आलोचना की है और चुनाव आयोग से भाजपा नेता के खिलाफ मामला दर्ज करने का आग्रह किया। अप्रैल में बेमेतरा जिले के बिरहनपुर गांव में सांप्रदायिक हिंसा में साहू की मौत हो गई थी। भाजपा ने उनके पिता ईश्वर साहू को साजा विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में एक बहुत ही उत्तेजक बयान दिया है। एक हत्या के मामले पर उन्होंने (शाह) अपनी चुनावी रैली में सीधे कहा, 'तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए छत्तीसगढ़ के बेटे भुनेश्वर साहू की भूपेश बघेल सरकार ने हत्या कर दी। भारतीय जनता पार्टी ने फैसला किया है कि हम साहू के हत्यारों को न्याय के कटघरे में लाएंगे और इसके प्रतीक के रूप में उनके पिता ईश्वर साहू को चुनाव में उतारा गया है।कांग्रेस नेता ने कहा, च्च्अमित शाह का यह बयान न केवल आपत्तिजनक है, बल्कि इसका एकमात्र उद्देश्य शांतिपूर्ण राज्य छत्तीसगढ़ में सांप्रदायिक हिंसा भड़काना है। गृहमंत्री ने चुनावी लाभ के लिए उन्माद भड़काने की मंशा से यह बयान दिया है। उन्होंने जो कहा है, वह बिल्कुल गलत है। रमेश ने कहा कि हकीकत तो यह है कि हिंसा और दंगो के इस मामले में सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उन्होंने कहा, च्च्लेकिन छत्तीसगढ़ में अपनी स्पष्ट दिख रही हार से हताश शाह अब सांप्रदायिकता का सहारा लेना चाहते हैं।रमेश ने आगे कहा कि यह चुनाव आयोग की पहली जिम्मेदारी है कि वह इस 'भड़काऊ' बयान का संज्ञान ले और शाह के खिलाफ मामला दर्ज कर उचित कार्रवाई करे। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद ने कहा, अगर ऐसा नहीं हुआ तो डर है कि भाजपा भविष्य में भी छत्तीसगढ़ में अपने चुनाव अभियान में सांप्रदायिकता फैलाने से बाज नहीं आएगी।

34 देशों में समलैंगिक विवाह को मान्यता

नई दिल्ली,17 अक्टूबर। पुरुषों और महिलाओं के बीच समलैंगिक विवाह को मान्यता दी जाए या नहीं इस पर सुप्रीम कोर्ट आज अपना फैसला सुनाया है। दुनिया के 34 देशों में समलैंगिक विवाह को मान्यता दी गई है। उनमें से 10 में अदालतों के माध्यम से यह फैसला आया है। ऐसे 23 देश हैं जहां समलैंगिक विवाह वैध है। 2018 में, सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने समलैंगिक संबंधों को अपराध मानने का फैसला किया। हालाँकि, समान-लिंग वाले व्यक्ति अभी भी कानूनी रूप से विवाह का दावा नहीं कर सकते हैं। दरअसल, आईपीसी की धारा 377 के तहत समलैंगिक संबंधों को अपराध माना गया था। वहीं, अगर दुनिया पर नजर डालें तो 33 देश ऐसे हैं जहां समलैंगिक विवाह को मान्यता प्राप्त है। इनमें से लगभग 10 देशों की अदालतों ने समलैंगिक विवाह को मान्यता दी है। इसके अलावा 22 देश ऐसे हैं जहां कानून बनाए और पारित किए गए हैं। दक्षिण अफ्रीका और ताइवान ने अदालत के आदेश से इसे वैध कर दिया है। दुनिया के 34 देश जो समलैंगिक विवाह को मान्यता देते हैं उनमें क्यूबा, अंडोरा, स्लोवेनिया, चिली, स्विट्जरलैंड, कोस्टा रिका, ऑस्ट्रिया, ऑस्ट्रेलिया, ताइवान, इक्वाडोर, बेल्जियम, ब्रिटेन, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आइसलैंड, आयरलैंड शामिल हैं।लक्ज़मबर्ग, माल्टा, नॉर्वे, पुर्तगाल, स्पेन, स्वीडन, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त राज्य अमेरिका, कोलंबिया, ब्राजील, अर्जेंटीना, कनाडा, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड और उरुग्वे। इन देशों में दुनिया की 17 फीसदी आबादी रहती है। तीन देशों, अंडोरा, क्यूबा और स्लोवेनिया ने पिछले साल ही इसे वैध कर दिया है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, मॉरिटानिया, ईरान, सोमालिया और उत्तरी नाइजीरिया के कुछ हिस्से समलैंगिक विवाह को लेकर बहुत सख्त हैं।

प्रदेश भर में पांच लाख से अधिक बैनर पोस्टर हटाने के साथ वॉल राइटिंग मिटाए

■ **रायपुर,17 अक्टूबर।**

राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से 15 अक्टूबर तक पांच लाख 449 वॉल राइटिंग, पोस्टर, बैनर इत्यादि हटाने की कार्यवाही की गई हैं। सार्वजनिक संपत्तियों से तीन लाख 37 हजार 060 और निजी संपत्तियों से एक लाख 63 हजार 389 प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सभी कलेक्टरों और जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कुल पांच लाख 51 हजार 699 प्रकरण चिन्हांकित किए गए हैं। इनमें तीन लाख 61 हजार 378 सार्वजनिक संपत्तियों से और एक लाख 90 हजार 321 प्रकरण निजी संपत्तियों से संबंधित हैं। अधिनियम के तहत प्रदेश भर में अब तक दो लाख 33 हजार 074 वॉल राइटिंग, एक लाख 58 हजार 810 पोस्टर, 70 हजार 405 बैनर और 90 हजार 669 अन्य प्रचार सामग्रियों की पहचान की गई है।

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से संपत्ति विरूपण अधिनियम के अंतर्गत दुर्ग जिले में सरकारी और निजी संपत्तियों से बैनर, पोस्टर, वॉल राइटिंग इत्यादि हटाने की 25 हजार 232, सुकमा में 5151, गरियाबंद में 7453, बेमेतरा में 14 हजार 832, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में 3382, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में दो, बालोद में 27 हजार 356, जशपुर में 8305, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 846, सरगुजा में 20 हजार 592, बलौदाबाजार-भाटापारा में 20 हजार 628, रायगढ़ में 24 हजार 953, सूरजपुर में 12 हजार 129 और कांकेर में 15 हजार 918 कार्यवाही की गई हैं।

संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत बिलासपुर जिले में कुल 67 हजार 501, दंतेवाड़ा में 1420, महासमुंद में 7666, जांजगीर-चांपा में 18 हजार 204, बस्तर में 1332, कोरबा में 67 हजार 120, कोण्डागांव में 14 हजार 584, कबीरधाम में 12 हजार 170, बीजापुर में 2632, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 6065, राजनांदगांव में 6412, बलरामपुर-रामानुजगंज में 9768, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 2777, कोरिया में 6184, नारायणपुर में 1008, मुंगेली में 12 हजार 737, सक्ती में 9526, धमतरी में 18 हजार 109 और रायपुर में 50 हजार 760 संपत्तियों से वॉल राइटिंग, पोस्टर, बैनर इत्यादि हटाने की कार्यवाही 15 अक्टूबर तक की गई है।

वंशवाद पर राहुल का भाजपा पर निशाना

आईजोल,17 अक्टूबर। मिजोरम के अपने दौरे के दूसरे दिन की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को मिजोरम के पूर्व मुख्यमंत्री ललथनहवला से मुलाकात की। कांग्रेस सांसद थनहवला स्थित आवास तक पहुंचने के लिए दोपहिया वाहन पर पीछे बैठे। इसके बाद उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। भाजपा के परिवारवाद के आरोप पर राहिल ने कहा कि अमित शाह का बेटा वास्तव में क्या कर रहा है? राजनाथ सिंह का बेटा क्या करता है?...पिछली बार मैंने सुना, अमित शाह का बेटा भारतीय क्रिकेट चला रहा है। उन्होंने कहा कि उनमें से कई अनुराग ठाकुर जैसे बच्चे वंशवादी हैं। आपको बता दें कि मिजोरम में चुनाव होने हैं और राहुल गांधी राज्य के दौरे पर हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि दोनों पार्टियाँ ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट और मिज़ो नेशनल फ्रंट भाजपा और ऋस्र के लिए राज्य (मिज़ोरम) में प्रवेश करने के साधन हैं। कांग्रेस पार्टी कभी भी (राज्य में) प्रवेश का साधन नहीं बन सकती क्योंकि हम वैचारिक रूप से पूरी तरह से भाजपा के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि हम विचारों का परीक्षण करने में विश्वास करते हैं, और यदि कोई विचार काम करता है, तो हम इसे अन्य राज्यों में लागू करते हैं। उदाहरण के लिए, राजस्थान में हमारी स्वास्थ्य देखभाल योजनाएं, कर्नाटक में सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम और छत्तीसगढ़ में किसान समर्थक नीतियां सफल रही हैं। हमारा लक्ष्य दिल्ली में सत्ता में आने पर इन प्रभावी कार्यक्रमों को शेष भारत में विस्तारित करना है। राहुल गांधी ने कहा कि हम मिजोरम के लिए एक दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें शामिल हैं- वृद्धावस्था पेंशन- रु. 2000 प्रति माह, गैस सिलेंडर- रु. 750, उद्यमियों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण। मिजोरम में नशीली दवाओं के खतरे का एक बड़ा कारण युवाओं में बेरोजगारी है।

वाहनों की जांच में 15 लाख नगद बरामद

रायगढ़,17 अक्टूबर। कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देश पर जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों को चेक पोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल द्वारा जांच की जा रही है। शहर के सत्ती गुड़ी चौक में एक कार से दो लाख 64 हजार, दूसरे कार से चार लाख और तीसरे कार नौ लाख रुपये बरामद किया गया । रकम के सम्बंध में कार में सवार लोग जवाब नहीं दे पाए और चुनाव आयोग के निर्देशानुसार रकम को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई । जानकारी के मुताबिक थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत एफ एस टी टीम एवं जूटमिल पुलिस की संयुक्त कार्यवाही दौरान छातामुड़ा चौक के पास वाहनों की चेकिंग दौरान ब्रेजा वाहन क्रमांक सीजी 13 ए0एम0 9487 को चेक किया गया कर में सवार नीरज अग्रवाल पिता कृष्ण अग्रवाल 44 साल निवासी सत्तीगुड़ी चौक रायगढ़ के पास रखे बैक को चेक करने पर बैग में 2 लाख 64 हजार 500 रूपये बरामद हुआ । इसी प्रकार सेंट्रो कार क्रमांक सीजी 04 एम0 टी0 8453 को चेक करने पर कार में सवार बबलू मलिक पिता हबीब मलिक निवासी गौशाला पैजमुडा जिला संबलपुर के पास बैग में 4,00,000 रुपए नगद बरामद हुआ । एक और टाटा हैरियर कार सीजी 13 ए0आर0 1594 को चेक करने पर कर में सवार रमेश अग्रवाल पिता वासुदेव अग्रवाल निवासी कोड़ातराई के पास बैग में 9,00,000 नगद बरामद हुआ पूछताछ में कैश के संबंध में संबंधित व्यक्तियों के द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए और ना ही कोई वैध कागजात प्रस्तुत किया गया । विदित हो कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार 50,000 रूपये से अधिक संपत्ति के परिवहन करते समय उचित कागजात प्रस्तुत करना होगा । पुलिस द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन के दृष्टिगत कुल नकद 15,64,500रूपयों की विधिवत जब्त करने की कार्यवाही कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगे की कार्यवाही की जा रही है । थाना जूटमिल में सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, एसडीएम गगन शर्मा , सीएसपी अभिनव उपाध्याय एवं थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक राम किंकर यादव द्वारा कार्रवाई की जानकारी मीडिया के साथ साझा किया गया।

37वें राष्ट्रीय खेल गोवा में, 25 अक्टूबर से 9 नवम्बर 2023 तक

jasclaudius@gmail.com

खेल संस्कृति को मजबूत करने चाहिए गंभीरता

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

राष्ट्रीय खेलों का अपना महत्व होता है। भारत के सभी राज्यों, केंद्रशसित प्रदेशों और सेना की टीमे इसमें सम्मिलित होती है। राष्ट्रीय स्तर से ऊपर उठकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कदम रखने के लिए राष्ट्रीय खेल सबसे उपयुक्त मंच है। इस प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए हर प्रतिभागी आतुर रहता है। सब जूनियर, जूनियर स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा को आंकने के पश्चात राष्ट्रीय स्तर पर उसकी जांच के लिए यह सबसे अच्छा स्थान होता है। खेलकूद की दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मुकाबले के लिए योग्यता हासिल करना प्रत्येक खिलाड़ी का सपना होता है।

आज खेलों को राज्य, केंद्र सरकार निजी संस्थानों, सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें प्राप्त उपलब्धियों से संबंधित ईकाई का सम्मान बढ़ता है। प्रत्येक बच्चे के लिए 10 से 16 वर्ष की उम्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है। 1 नवम्बर 2000 को एक नया राज्य बनने के पश्चात छत्तीसगढ़ में खेल गतिविधियों ने नई दिशा ली। पिछले 23 वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ में कई नये खेलों को अपना गया। जिसकी वजह से हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई खेलों में अपना दावा प्रस्तुत किया। 37वें राष्ट्रीय खेलों में कुल 43 खेलों की प्रतियोगिता होगी। इसमें से हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों ने सिर्फ 25 खेलों के लिए योग्यता हासिल की है। इसमें जलक्रीड़ा, तीरंदाजी मिनी गोल्फ, मलखंब, वुशु, तलवारबाजी, पेंकाक सिलाट, भारोत्तोलन, बास्केटबाल (3×3), कयाकिंग कैनोइंग, माडर्न पेंटाथलान, कुश्ती, रोलबाल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, गटका, ट्राईथलान, स्काई मार्शन आर्ट, स्क्वेश, मार्शल आर्ट, सायकलिंग (रोड), जुडो, बिलियड्र्स एवं स्कूनर, बीच हैंडबाल, कलारीपयाट्टू, जूडो शामिल है। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने बीच फुटबाल, बीच हैंडबाल, हाकी, फुटबाल, जिमनास्टिक्स, लान बाल्स, ताईक्वांडो, नेटबाल, नौकायन, रग्बी सेवन, निशानेबाजी, टेबल टेनिस, टेनिस, कबड्डी, खो-खो, लागोरी, सेपकतकरा, पाल नौकायन, योगासन जैसे खेलों के लिए योग्यता हासिल नहीं की है। इस तरह पिछले 23 वर्षों से हमारे प्रदेश में किस तरह की खेलनीति रही है इसके बारे में अनुमान लगाया जा सकता है।

2000 से 2003 तक फिर 2018 से 2023 तक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार फिर 2003 से 2018 तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही है। याने दोनों प्रमुख पार्टी सत्ता सुख भोग चुकी है लेकिन खेलकूद की दृष्टि से अभी बहुत कमी है। छत्तीसगढ़ में 2000 से 2018 तक खेल अधोसंरचना निर्माण, पदाधिकारियों के बीच और केंद्र व राज्य सरकार तथा सार्वजनिक उपक्रमों में आपसी तालमेल दिखाई पड़ता है लेकिन पिछले पांच वर्षों में उसकी कुछ कमी नजर आती है।

हमारे प्रदेश में कई खेलों की अकादमी बनी, खुली, अधोसंरचना का निर्माण हुआ लेकिन प्रदेश के राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने में विशेष सफलता नहीं मिली। वस्तुतः छत्तीसगढ़ के खेल विभाग के अधिकारी और खेल संघों के बीच आपसी समझ के अभाव ने छत्तीसगढ़ के खेल संस्कृति को गहरा आघात पहुंचाया है जिसका स्पष्ट परिणाम हम 37वें राष्ट्रीय खेलों में से कई स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के प्रतिभाओं का अभाव है। खेलकूद को नयी सोच के साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। हमारे राज्य में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है वास्तव में उसे ठीक से निखारा नहीं जा रहा है जिसके लिए खेलप्रेमियों, अभिभावकों, खेल मीडिया आदि से जुड़े सभी लोगों की मदद लेनी चाहिए।

एक नजर

दुर्गोत्सव के साथ देवी भागवत भी

उतई,17 अक्टूबर। एकता सरस्वती उत्सव एवं दुर्गोत्सव समिति आबादी पारा घुघसीडीह में विराजित मां नव दुर्गा साथ ही देवी भागवत की कथा आरंभ हो गई है कथा वाचक महाराज कमलनराय शर्मा ,आयोजक समिति के हेमंत शर्मा,शेष शर्मा ,ओझा जी ,लिलालर पूरी , सिया,कुमारी ओझा , कुमारी यादव और बड़ी संख्या में कथा सुनने ग्रामवासी शामिल हो रहे है।

छग पुलिस टीम ने 4 पदक जीते

भिलाई ,17 अक्टूबर। करनाल, हरियाणा में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया गया था। जिसमें पूरे देश भर के पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों ने हिस्सा अलग अलग खेल में लिया था छत्तीसगढ़ पुलिस के खिलाड़ियों की टीम ने भी 72 वे एआईपीडीएम में शामिल हुए थे जहां छत्तीसगढ़ पुलिस के 4 खिलाड़ियों को मेडल मिला है इसके अलावा दुर्ग पुलिस के 2 पुलिस कर्मियों ने जीता हासिल कर मेडल जीता है पुलिस लाइन दुर्ग में पदस्थ महिला आरक्षक कविता ठाकुर को पावर लिफ्टिंग इवेंट में सिल्वर मेडल, थाना छावनी के आरक्षक विवेक कुमार पोद्दार को आर्म रेसलिंग मेडल प्राप्त किया इस दौरान एसएसपी राम गोपाल गर्ग द्वारा खिलाड़ियों से मुलाकात कर उज्वल भविष्य की कामना की है खिलाड़ियों के साथ उनके कोच प्रधान आरक्षक परमजीत सिंह भी मौजूद रहे

चोरी गई ट्रक पुलिस ने की बरामद

भिलाई ,17 अक्टूबर। भिलाई। चोरी हुए ट्रक को पुलिस ने बरामद किया है घटना जेवरा सिरसा पुलिस चौकी की घटना है जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी चेतन चंद्राकर ने बताया कि पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम बासीन के अग्रवाल ईट फैक्ट्री के पास ट्रक सीजी 12 एस 5784 को अज्ञात छोर पुलिस को देख फरार हो गए। ट्रक की कीमत 25 लाख रुपए आंकी गई है उक्त ट्रक सिलतरा जिला रायपुर से चोरी हुआ था।

दुर्ग निगम के एल्डरमैन के मकान में चोरी

भिलाई ,17 अक्टूबर। भिलाई दुर्ग निगम के एल्डरमैन देव सिन्हा के निर्माणाधीन मकान में चोरी की घटना हुई है अज्ञात आरोपित बोर का वायर व टाइल्स काटने की मशीन चोरी कर ले गया भागते समय आरोपितों ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया घटना की शिकायत पर दुर्ग कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ चोरी की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की है पुलिस ने बताया कि सुंदर नगर उरला निवासी एल्डरमैन देव सिन्हा रामनगर उरला में मकान बनवा रहे हैं वहां पर उन्होंने बोर करवाया है। और अभी टाइल्स फिटिंग का काम चल रहा है वे 11 अक्टूबर को अपने निर्माणाधीन मकान में गए थे जहां पर जाकर देखा तो किसी ने बोर में लगा वायर काटकर चोरी कर लिया था और टाइल्स काटने की मशीन भी गायब थी आरोपित ने सीसी टीवी कैमरों को।भी तोड़ दिया था।

मुनाफे के नाम पर लाखों की ठगी

भिलाई, 17 अक्टूबर। भिलाई खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि न्यू खुर्सीपार निवासी प्रतीक चोपड़ा का रिसाली आटो सेंटर की दुकान है वहीं न्यू खुर्सीपार निवासी अनिमेश सिंह 2 प्रतिशत अधिक लाभ कमाकर देने का झांसा देकर प्रतीक चोपड़ा से ठगी की। पीड़ित वर्ष 2018 जनवरी में होटल फ्लोरेट सुपेला में खाना खाने पहुंचा था। जहां अनिमेश सिंह से मुलाकात हुई अनिमेश सिंह केपीएस नेहरू नगर का छात्र था। इस कारण पीड़ित का पुराना दोस्त था दोस्ती के कारण अनिमेश सिंह ने पीड़ित को बताया कि वह फ्लोरेट होटल का संचालक है जमीन, धान खरीदने बेचने का भी काम करने का झांसा दिया जमीन में अधिक मुनाफा होने की बात कहकर अनिमेश ने 2 करोड़ 28 लाख 50 हजार लिया था जिसमें से अब तक 35 लाख रुपए नहीं लौटाया है आरोपी अनिमेश सिंह रुपए लेते समय 2 प्रतिशत ब्याज के साथ रुपए लौटाने का झांसा दिया था अनिमेश सिंह से रूपये मांगने पर लगातार वह घूमा रहा था आरोपी रुपए लेने के बाद से वर्ष 2019 से फरार है अनिमेश सिंह ने दुर्ग रायपुर के हितेश चौबे, रितेश चौबे संतोष गुप्ता समेत अन्य लोगों के साथ भी ठगी की है ।

कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर के पक्ष में निकली रैली में उमड़ा जनसैलाब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,17 अक्टूबर। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर के पक्ष में आयोजित स्वागत रैली में जनसैलाब उमड़ पड़ा। जुलूस में शामिल महिलाएं एवं पुरूष हाथों में तिरंगा झंडा लिए व गले में तिरंगा गमछा पहने हुए थे। रैली के दौरान कवर्धा नगर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, भूपेश बघेल जिंदाबाद, अकबर भाई जिंदाबाद के नारे गूंज रहे थे। रैली में हजारों की भीड़ शामिल थी। इससे कांग्रेस के पक्ष में एकतरफा माहौल बन गया है। रैली की शुरूवात दोपहर लगभग 02 बजे मिनीमाता चौक से हुई। यहां पर कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर का स्वागत करने के लिए होड़ लग गई। मोहम्मद अकबर ने मिनीमाता की प्रतिमा पर सादर माल्यार्पण कर उन्हें प्रणाम कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। रैली आगे बढ़ी तो उन्होंने पूज्य गुरू घासीदास गुरूद्वारा में जाकर वहां पूजा-अर्चना की तथा गुरूगद्दी का दर्शन लाभ प्राप्त किया। गुरूद्वारा में दर्शन के लिए पहुंचे मोहम्मद अकबर का महिलाओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। रैली में शामिल लोग धुमाल और डीजे के भक्तिगीत धुन पर झूम रहें थे। रैली में शामिल लोगो की संख्या इतनी अधिक थी कि कुल भीड़ का अंदाज लगाना मुश्किल हो रहा था। पूरी रैली में जिधर देखो उधर तिरंगा झंडा नजर आ रहा है। रैली ठाकुर पारा, दर्री पारा होते हुए ठाकुर देव चौक पहुंची तो कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर ने ठाकुर देव मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर आर्शीवाद प्राप्त किया। रैली जिस मार्ग से गुजरी, वहां रैली के स्वागत के लिए सड़क के दोनों ओर महिलाएं व पुरूष उपस्थित थे। महिलाओं ने कांग्रेस प्रत्याशी का आरती उतारकर स्वागत किया।कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर ने गुरूनानक चौक स्थित सिख समाज के गुरूद्वारा में पहुंचकर मत्था टेका। यहां पर जो बोले सो निहाल, सतश्री अकाल का नारा गूंज उठा। गुरूद्वारा में प्रवेश के पूर्व सिख समाज के नागरिकों ने कांग्रेस प्रत्याशी श्री मोहम्मद अकबर का स्वागत किया। रैली में शामिल डीजे और धुमाल में जसगीत बज रहा था, जो कि रैली में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ा रहा था। पुराना मंडी के पास आलम यह हो गया था कि आसपास की सारी सड़के भीड़ से खचा-खच भरी हुई नजर आ रही थी। रैली जब सिग्नल चौक पहुंची तो रैली का अंतिम छोर मिनीमाता चौक में ही मौजूद था। सिग्नल चौक में चंद्रवंशी समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। यहां पर पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी (नीलू) भी पहुंचे तथा रैली में शामिल हो गए। चंद्रवंशी समाज के गणमान्य नागरिक हाथों में पुष्प माला लिए हुए थे। पटाखों की गूंज के बीच उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर तथा नीलू चंद्रवंशी को पुष्प मालाओं से लाद दिया। रैली के स्वागत के लिए कांग्रेस भवन नीचे से लेकर उपर छत तक पार्टी के कार्यकर्ताओं से भरा नजर आ रहा था। यहां पर बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थीं। कांग्रेस प्रत्याशी के स्वागत के लिए यहां पर गुलाब के पखुंड़ियों की वर्षा की गई। रैली में साफ नजर आ रहा था कि कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर के पक्ष में आमजन अपना समर्थन खुलकर व्यक्त कर रहे है।उत्साह के साथ रैली भारत माता चौक की ओर आगे बढ़ी। मोहम्मद अकबर ने मां महमाया मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर देवी मां का आर्शीवाद प्राप्त किया। जोरदार नारेबाजी के साथ रैली भारत माता चौक पहुंची। कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर ने भारत माता की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर भारत माता की जय का नारा लगवाया।

रैली के समापन स्थल भारत माता चौक में चारों ओर भीड़ ही भीड़ नजर आ रही थी। यह नजारा बता रहा था कि विधायक एवं कैबिनेट मंत्री के रूप में 05 वर्षो तक कवर्धा विधानसभा में किए गए विकास कार्यो और अपने सहज-सरल सौम्य व्यवहार के कारण कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर को आपार जन समर्थन प्राप्त हो रहा है। यहां पर मोहम्मद अकबर ने सर्वप्रथम भी सभी लोगों को नवरात्रि पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

जीत के संकल्प के साथ भाजपा विधानसभा चुनाव कार्यालय प्रारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,17 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी ने कवर्धा प्रत्याशी घोषित करके अपना चुनाव अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में आज भाजपा ने सांसद संतोष पांडे , जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू और प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में अपने प्रत्याशी विजय शर्मा के व्यवस्थित चुनाव संचालन के लिए विधानसभा स्तरीय चुनाव संचालन कार्यालय का उद्घाटन किया. इस मौके पर सांसद संतोष पांडे ने कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी को अपनी मां मानते हैं और इसीलिए भारत माता की सेवा के लिए संकल्पित हैं. उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि इस चुनाव में हमें अपने इसी विचार के साथ कार्य करने की आवश्यकता है. जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि कवर्धा का ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है. जिस प्रकार का उत्साह अभी हमारे कार्यकर्ताओं में दिख रहा है, उसे चुनाव तक बरकरार रखते हुए एक एक कार्यकर्ता को काम करने की आवश्यकता है. हमारी जीत पक्की है, बस जरूरत अपने बूथ में समय देने का है. उपस्थित कार्यकर्ताओं के जोशीले नारों के बीच भाजपा के प्रत्याशी विजय शर्मा ने कहा कि आप लोगों ने ही मुझे प्रत्याशी बनाया है. और अब आप लोग ही ये चुनाव लडेंगे भी. वास्तव में ये चुनाव आपका ही है, मैं तो सिर्फ एक चेहरा हूं. अब हम सबको एक एक व्यक्ति तक पहुंचना है और कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी को बताना है. कार्यालय उद्घाटन के मौके पे रामकुमार भट्ट, अनिल सिंह, जसविंदर बग्गा, राजेंद्र चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, कैलाश चंद्रवंशी, देवकुमारी चंद्रवंशी, संतोष पटेल, रूपेश जैन, सतविंदर पाहुजा, मनीराम साहू, सुनील दोषी, पंच कोसले, हेमंत ठाकुर, जय प्रकाश कौशिक, विजय लक्ष्मी तिवारी, रति ठाकुर, पुष्प पांडे, भारती गुप्ता, शिव कुमारी यादव, नारायण साहू, पन्ना चंद्रवंशी, सनत साहू, शुशील तिवारी, खिलेश्वर साहू, पियूष ठाकुर, सहित सभी मोर्चा एवम प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने किया।

नीलू को भरोसा, जनता अवश्य जिताएगी

कवर्धा, 17 अक्टूबर। सुबह सुबह पंडरिया के कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नीलू चंद्रवंशी ने लोगो और कार्यकर्ताओ से मुलाकात की । परिणाम के सवाल पर नीलू ने कहा की मुझे पूरी उम्मीद है की जनता का आशीर्वाद एवं प्यार अवश्य मिलेगा और अवश्य जीत मिलेगी । पान दुकानों , होटलों में चर्चा सुबह से होती हुई दिखी की कांटे का मुकाबला होगा क्योंकि बहुत सारे लोग चुनाव में खड़े होंगे । नए युवा मतदाताओं और महिलाओ में भी चर्चा यह दिखी की मतदान अवश्य करेंगे क्योंकि यह लोकतंत्र का पर्व है । जिला निर्वाचन की टीम अच्छा वर्क कर रही है जिसकी तारीफ हो रही है । मतदाता जागरूकता अभियान से लेकर सुरक्षा के प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस प्रशासन सक्रिय दिखी ।

भिलाई-चरौदा निगम कार्यालय् में मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम आयोजित

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा क्षेत्र में आज सोमवार दिनांक 16-10-2023 को मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम संपन्न हुआ है। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 की तारीखों का ऐलान किये जाने के साथ ही चुनावी सरगर्मी शुरू हो चुकी है। जिसके तहत पूरा शासकीय अमला निर्वाचन प्रक्रिया की सफल पूर्णता हेतु नित्य कार्यरत है ।

इसी क्रम में नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा के कर्मचारियों एवं सफाई स्वच्छता मित्रों को निष्पक्ष एवं निर्भीक निर्वाचन मतदान करने की शपथ दिलाई गयी। इस कार्यक्रम में निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित हुए 1 साथ ही कार्यपालन अभियंता सुनिल जैन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चंद्राकर, सहायक अभियंता डी.के. पाण्डेय, एन.यू.एल.एम. प्रबंधक आदित्य भटनागर, स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा सहित समस्त निगम कर्मचारी मौजूद रहें।

भाजपा की संयुक्त मोचा की बैठक में प्रत्याशी को जिताने का आव्हान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 17 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यालय में संयुक्त मोर्चा कार्यकारिणी बैठक संपन्न हो गया है. बीजेपी के वरिष्ठ पदाधिकारी सांसद संतोष पाण्डेय,जिला अध्यक्ष अशोक साहू ,पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार भट्ट संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों का मार्गदर्शन किया और उनसे संगठन वर्तमान विधानसभा चुनाव की तैयारी , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार तथा प्रत्याशी विजय शर्मा की विजयी बनाने हेतु समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया.

बैठक में सांसद संतोष पाण्डेय अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के लिए सदैव तैयार रहती है. भाजपा की 2023 विधानसभा के चुनाव की तैयारी पूरी है. उन्होंने कहा कि 2023 में विधानसभा चुनाव आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा. कमल छाप पर जनता का भरोषा है , भाजपा 2023 में भारी बहुमत से जीत करके राज्य में सरकार बनाएगी। जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा. हम सब एक साथ हैं, परस्पर प्रेम है और हमलोग एक साथ सभी मोर्चे पर विफल राज्य सरकार के नाकामियों को जनता तक ले जाने के लिए जी जान से जुड़ जायेंगे । आज के बैठक से कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है । 05 वर्षों में जो कवर्धा में हुआ जनता जानती है सिर्फ एक बार याद दिलाना है और अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने निवेदन करने घर घर तक पहुचना है । भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा ने कहा चुनाव में पार्टी ने मुझ पर भरोषा जताया है ,इस भरोसे के बदले कवर्धा सीट जीतकर हमे दिखाना होगा . उन्होंने कहा भाजपा का कर्मठ कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर रहे है यह मेरी जानकारी में है उनका ह्रदय से आभारी हूँ . छत्तीसगढ़ में इन 05 वर्षों में कवर्धा विधायक ने भय ,आतंक और भ्रसटाचार का जो माहौल खड़ा किया है इसे बदलना है . हर जुल्म के बदले ,हर वादाखिलाफी के बदले पड़ने वाला एक एक वोट ही इसका उत्तर होगा । उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से मिल रहे प्रेम और फिल्ड में मेहनत कर रहे कार्यकर्ताओं की प्रसंशा की। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल सिंह,उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल,जसविंदर बग्गा ,महामंत्री संतोष पटेल,सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष ,किसान मोर्चा, महिला मोर्चा,युवा मोर्चा ,ओबीसी मोर्चा,एस टी ,एस सी मोर्चा ,सहित सभी मोर्चा के पदाधिकारी ,कार्यकर्ता हजारो की संख्या में मौजूद रहे।

भिलाई महिला समाज के मसाला विक्रय केन्द्र का जेएलएन हॉस्पिटल में उद्घाटन

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर-9 स्थित जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर 9 में भिलाई महिला समाज के मसाला इकाई द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय केन्द्र का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ एम रविन्द्रनाथ के द्वारा 16 अक्टूबर, 2023 को विधिवत उद्घाटन किया गया।

यह मसाला आउटलेट भिलाई महिला समाज के मसाला केन्द्र द्वारा उत्पादित उत्पादों का रिटेल यूनिट प्रति सप्ताह सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को सुबह 10.00 बजे से 1.00 बजे तक खोला जायेगा। ज्ञात हो कि यह, भिलाई महिला समाज का तीसरा आउटलेट रिटेल मसाला यूनिट विक्रेय केन्द्र है। इनका पहला आउटलेट रिटेल मसाला यूनिट विक्रय केंद्र वूलन मार्केट एवं बिजली ऑफिस, रेलवे क्रासिंग के पास, पावर हाउस, भिलाई में तथा दूसरा मसाला यूनिट इस्पात भवन में है। जिसका उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को जीवन-यापन के लिए सम्मान जनक मदद के साथ-साथ, मरीजों एवं लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनको शुद्ध मसाले भी उपलब्ध करवाना है।इस अवसर पर अस्पताल के अन्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी-डॉ विनीता द्विवेदी, डॉ राजीव पाल और डॉ कौशलेंद्र ठाकुर सहित सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी- डॉ लता देवांगन, महाप्रबंधक शाहिद अहमद, महाप्रबंधक बलवीर सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक बी के श्रीवास्तव सहित हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित थे।इनके साथ ही भिलाई महिला समाज की महासचिव श्रीमती साधना गोयल, सहसचिव श्रीमती सोनाली रथ, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन, सह-कोषाध्यक्ष श्रीमती दीपन्विता पाल, सह-प्रभारी (मसाला) श्रीमती सपना सोनी तथा सह-प्रभारी (मसाला) श्रीमती पूनम प्रियदर्शी उपस्थित थीं।यहाँ भिलाई महिला समाज के अंतर्गत, महिला समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न सामग्रियों का विक्रय किया जाता है, जैसे मसाले, विभिन्न अनाज के आटे, बड़ी बिजौरी, सत्तु आदि। ये सभी सामग्री उपरोक्त वर्णित तीनों विक्रय केन्द्रों में बिक्री हेतु उपलब्ध है। जहाँ अच्छी गुणवत्ता के अनाज एवं खड़े मसालों का प्रयोग होता है एवं स्वच्छता के साथ उनकी पीसाई और पैकिंग का कार्य किया जाता है। अपनी रसोई के लिए शुद्ध सामग्री खरीदें, आपकी यह छोटी सी खरीदारी किसी की रसोई में बड़ी मदद करेगी ।

नवरात्र के तृतीय दिवस में माँ चंद्रघंटा की उपासना

उतई, 17 अक्टूबर। माँ दुर्गा का तीसरा स्वरूप चंद्रघंटा के नाम से प्रसिद्ध है, इनके मस्तक पर घण्टाकार चन्द्र सुशोभित होने के कारण इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। इनके दस हाथ है, इनके दाहिने ओर के चार हाथों में अभय मुद्रा,धनुष, बाण और कमल सुशोभित है और पांचवा हाथ वक्षस्थित माला पर है। इनके बांये ओर के हाथों में कमन्डलू, वायुमुद्रा, खड्ग, गदा और त्रिशूल है। इनके कंठ में पुष्पहार, कानो मे स्वर्णाभूषण तथा सिर पर स्वर्ण मुकुट है। इनका वाहन सिंह है। इनकी आराधना नवरात्रि के तीसरे दिन की जाती है।ये दुष्टों का दमन एवं विनाश करने के लिए सदैव तत्पर रहती है।

चित्रकार हरीसेन ने प्रदर्शनी में अपनी अमूर्त विशिष्ट शैली के बारे में बताया

भिलाई, 17 अक्टूबर। भिलाई इस्पात संयंत्र और ललित कला अकादमी नई दिल्ली को धन्यवाद देने के लिए सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे कलाकारो ने टाक शो शुरू किया है। जिसमे प्रति रविवार संध्या 6 से 7 बजे विभिन्न विद्या के प्रसिद्ध कलाकारो के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की जाएगी। इस कड़ी में संयंत्र से सेवानिवृत्त वरिष्ठ और सुप्रसिद्ध चित्रकार हरीसेन की चित्रकला प्रदर्शनी लगाई गई। चित्रकार हरीसेन ने इस दौरान अपने अमूर्त कला के विशिष्ट शैली से दर्शक वर्ग को रूबरू कराया और कला में आंतरिक आनंद को सर्वोपरि बताया। टाक शो का संचालन करते हुए साहित्यकार मेनका वर्मा ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से आए कलाकार और स्थानीय दर्शकों को उनका जीवन परिचय करवाया। तथा महानगरीय स्तर के इस शो को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भिलाई के लिए प्रासंगिक बताया। ज्ञात हो कि भिलाई मे ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर की स्थापना के मद्देनजर देश विदेश मे फैले तमाम कलाकारो मे खुशी की लहर व्याप्त है। देश की आजादी के बाद से आज तक 1954 में भारत मे सिर्फ 7 सेन्टर बनाए गए थे और यदि भिलाई मे बनता है तो यह आठवां होगा। छत्तीसगढ़ी कलाजगत के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। यही वजह है कि कला के समस्त जानकार और साधकगण लामबंद हो रहे हैं और भिलाई इस्पात संयंत्र को साधुवाद दे रहे हैं। जिससे यहां के कलाकारो को दूसरे राज्यों में भटकना नही पड़ेगा और यहां की कला-संस्कृति विकसित होगी। टाक शो के दौरान खैरागढ से पासआऊट होकर दुबई, कतर, अमेरिका आदि देशों में रह रहे अनेक कलाकारो ने भी इस आयोजन के लिए बधाई दी है। खैरागढ से आए नवागंतुक कलाकारो संग हरीसेन ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र में नौकरी लगना उनके जीवन का टर्निंग पाइंट रहा है। वे मूलतः दुर्ग के निवासी तथा बी.टी.आई. में चित्रकार रहे। उन्हें महाकौशल, माता कर्मा और भुइया सम्मान प्राप्त है।

एफडीए कार्यक्रम में भारतीय परंपरा व ज्ञान की जानकारी दी

भिलाई, 17 अक्टूबर। इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई में राष्ट्रीय सात दिवसीय भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर आधारित एफडीपी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती अलका मेश्राम द्वारा किया गया इन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा वर्तमान समय में हर क्षेत्र एवं विषय में उसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला साथ ही महाविद्यालय की प्राध्यापिका एवं आई.के. एस. की संयोजक डॉक्टर शिखा श्रीवास्तव ने भारतीय ज्ञान परंपरा का वैदिक काल से वर्तमान तक उनके मूल्यों पर चर्चा की । प्रथम दिवस जगतगुरु श्री देवनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ़ वैदिक साइंस रिसर्च नागपुर के प्रोजेक्ट संयोजक श्री अनुराग देशपांडे ने भारतीय ज्ञान परंपरा की प्राचीन परंपरा हमारे दैनिक जीवन से ओत प्रोत है के महत्व के बारे में जानकारी दी । द्वितीय दिवस डॉक्टर प्रियंका द्विवेदी सहायक प्राध्यापक संस्कृत साहित्य, श्री सोमनाथ संस्कृत महाविद्यालय, गिर सोमनाथ, गुजरात ने नाट्य कथावस्तु भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में जानकारी प्रस्तुत की । तीसरे दिन श्री कौस्तुभ भगत सहायक प्राध्यापक, तोलोनी महाविद्यालय, बॉम्बे यूनिवर्सिटी ने भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत परंपरागत भारतीय जल प्रबंधन एवं संरक्षण विषय पर विस्तृत जानकारी दी जो वर्तमान में जल संरक्षण के लिए अति महत्वपूर्ण है । चौथे दिन डॉक्टर एस. एस. रघुवंशी सेवानिवृत्ति वैज्ञानिक, डिपार्टमेंट ऑफ़ एटॉमिक एनर्जी हैदराबाद ने वैदिक परंपरा से विज्ञान एवं तकनीक के विषय पर विस्तृत जानकारी दी । पांचवें दिन भंते डॉक्टर चंद्रकीर्ति, सहायक प्राध्यापक, सम्राट अशोक सुब्रति स्कूल मेरठ ने पाली भाषा की वर्तमान समय में उपयोगिता पर प्रकाश डाला । छठे दिन डॉक्टर जय शर्मा एसोसिएट प्राध्यापक शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर, मध्य प्रदेश ने भारतीय ज्ञान परंपरा में वाणिज्य एवं व्यवस्थापन के मूल्य - प्राचीन से वर्तमान के बारे में जानकारी दी । इसी प्रकार सातवें और अंतिम दिन डॉक्टर ज्योति पाटील प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय, नागपुर ने भारतीय ज्ञान परंपरा का परंपरागत स्वरूप एवं आधुनिक स्वरूप एवं उनके सहसंबंधों की विस्तृत जानकारी दी ।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अलका मेश्राम में सभी वक्ताओं के सारगर्वित उद्बोधन की सराहना की । साथ ही आई.के. एस. प्रभारी डॉ शिखा श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम में प्रतिदिन 150 से 200 प्रतिभागी सम्मिलित हुए । महाविद्यालय से डॉक्टर कैलाश शर्मा, डॉक्टर नीता डेनियल, डॉक्टर एस के बोहरे, अमृतेश शुक्ला, डॉक्टर मेरिली रॉय, डॉक्टर रविंद्र छाबड़ा, डॉक्टर किरण रामटेके, डॉक्टर नमिता गुहा राय, डॉक्टर स्मृति अग्रवाल, डॉक्टर आरती दीवान, डॉक्टर अजय मनहर, डॉक्टर अलपा श्रीवास्तव, डॉक्टर मीनाक्षी भारद्वाज ,प्रो सुरेश ठाकुर, प्रो सुशीला शर्मा, डॉ चांदनी मरकाम , प्रो अत्रीका कोमा , डॉ संजय दास आदि सम्मिलित हुए ।

भाजपा सरकार आने पर छत्तीसगढ़ के लोगों की पाई-पाई भ्रष्टाचारियों से वसूलेंगे:अमित शाह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर/राजनांदगाँव 17 अक्टूबर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजनांदगाँव की विराट जनसभा में हुँकार भरते हुए यह कहा कि आप सबका जोश और बड़ी संख्या में उपस्थिति देखकर मुझे विश्वास हो गया है कि आगामी 3 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ में कमल खिलने वाला है। राजनांदगाँव जिले की चार विधानसभा सीटों के लिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह सहित चारों प्रत्याशियों के नामांकन दाखिले के लिए पहुँचे श्री शाह ने इससे पहले हुई सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में चुनाव की घोषणा के बाद पहली बार इतनी बड़ी सभा हो रही है, तब छत्तीसगढ़वासियों को याद रखना चाहिए कि छत्तीसगढ़ को हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटलबिहारी वाजपेयी ने बनाया। कांग्रेसियों के शासनकाल में पुराने मध्यप्रदेश में

छत्तीसगढ़ बीमारू राज्य बनकर खड़ा था। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी और डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री बने, तब 15 साल में इस बीमार राज्य को विकसित बनाने का काम डॉ. रमन सिंह ने किया।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि 15 साल में राजनंदगांव हो या छत्तीसगढ़ के पिछड़ा वर्ग बहुल क्षेत्र हो, दलित भाई जहां रहते हों वह क्षेत्र हो, हर क्षेत्र को संपूर्ण विकसित करने का काम भाजपा सरकार ने किया। श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा को राजभाषा का दर्जा देने का काम भाजपा सरकार ने किया, किसानों को 14 प्रतिशत ब्याज से मुक्त करने का काम रमन सिंह की सरकार ने किया। पीडीएस की सबसे अच्छी व्यवस्था देशभर में कहीं लागू हुई तो वह छत्तीसगढ़ में हुई और डॉ. रमन सिंह को चावल वाला बाबा कहकर पुकारा गया। ट्राइबल, ओबीसी और दलित को अपने अधिकार देने का काम किया और छत्तीसगढ़ को हमने विकसित राज्य बनाने के लिए ढेर सारे कदम उठाए। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि भूपेश बघेल ने 5 साल में क्या किया, इसका जरा हिसाब-किताब जनता के सामने आना चाहिए। श्री शाह ने कहा कि आने वाला चुनाव एक सरकार बनाने भर का चुनाव नहीं है, आने वाला चुनाव विधायक चुनने का चुनाव नहीं है, आने वाला चुनाव प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में स्वर्णिम भविष्य वाले छत्तीसगढ़ बनाने का चुनाव है। हर छत्तीसगढ़िया को अपना वोट प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में स्वर्णिम छत्तीसगढ़ बनाने के लिए देना है।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ हमारे 15 साल के शासनकाल में खाद्य और पोषण सुरक्षा देने में, कौशल विकास कर उसका अधिकार देने में, डेढ़ सौ दिन तक रोजगार देने में, महिला मजदूरों को मातृत्व अवकाश देने में, एजुकेशन हब बनाने में, पॉवर हब बनाने में, आईआईटी, लाइवलीहुड कॉलेज बनाने में पहले स्थान पर रहा। श्री शाह ने सवाल किया कि भूपेश सरकार ने क्या किया? भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस के दरबार का एटीएम बनाकर रखा। छत्तीसगढ़ के आदिवासी युवाओं के अधिकारों का पैसा दिल्ली दरबार में कांग्रेस की तिजोरी जाता है, दलित युवा का पैसा दिल्ली दरबार कि कांग्रेस की तिजोरी में जाता है, और पिछड़ा वर्ग के युवाओं बहनों के अधिकार का पैसा भी इनके एटीएम के थ्रू दिल्ली में जाता है।

एक नजर

नर्सिंग अधिकारी एम्स के लिए अनामिका साहू का चयन

राजनांदगांव 17 अक्टूबर। नर्सिंग अधिकारी एम्स रायपुर में चयन होने पर मोतीपुर की लाडली अनामिका साहू ने राजनांदगांव शहर का गौरव बढ़ाया है। ज्ञात हो कि जिला साहू संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष मोतीपुर निवासी महेश साहू की सुपुत्री अनामिका साहू का नर्सिंग अधिकारी एम्स रायपुर में चयन हुआ है।

जिससे मोतीपुर साहू समाज व परिजनों में हर्ष व्याप्त है। अनामिका के नर्सिंग अधिकारी बनने पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह मोतीपुर के लिए गौरव की बात है और इसी तरह आगे बढ़ता रहे और परिवार व समाज का नाम रौशन करें ऐसी कामना करता हूं। साहू समाज के जिलाध्यक्ष भागवत साहू, मोतीपुर साहू समाज के अध्यक्ष बृजलाल साहू ने कहा कि अनामिका की उपलब्धि समाज के लिए गौरव की बात है मैं अनामिका को उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस दौरान नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, भाजपा महामंत्री सावन वर्मा, पार्षद रंजू मदन यादव, कमलेश बंधे व समाजिकजनों ने अनामिका साहू को बधाई प्रेषित की है।

5 अभ्यर्थियों ने जमा किए नामांकन फार्म

राजनांदगांव 17 अक्टूबर। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत नामांकन फार्म लेने एवं जमा करने की प्रक्रिया 13 अक्टूबर 2023 से प्रारंभ हो गई है। आज 16 अक्टूबर 2023 को जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के कुल 37 व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन फार्म प्राप्ति हेतु जिला कार्यालय में पहुंचकर नामांकन फार्म लिया गया और 5 व्यक्तियों द्वारा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन फार्म जमा किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने बताया कि आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 - डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) के लिए 9, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव के लिए 16 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव के लिए 8 तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77- खुज्जी के लिए 4 व्यक्तियों ने नामांकन फार्म लिया। जिन अभ्यर्थियों ने आज नामांकन फर्मा जमा किए उनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 - डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री विनोद खांडेकर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी डॉ. रमन सिंह, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री गिरीश देवांगन एवं निर्दलीय अभ्यर्थी श्रीमती दीपा रामटेके ने नामांकन फार्म जमा किए। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री भरत लाल वर्मा ने नामांकन फार्म जमा किए। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77- खुज्जी के लिए किसी भी व्यक्ति ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं किया।

कुम्हारी में डीजे डांस प्रतियोगिता 22 को

अंवरी 17 अक्टूबर। ग्राम कुम्हारी में नवयुवक एवं समस्त ग्रामवाशियो के सहयोग से 22 अक्टूबर को एक दिवशीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है।



जिसमें ग्रुप डांस के विजेताओं लिए प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3001, तृतीय पुरस्कार 2001 एवं एकल डांस विजेताओं के लिए प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये,द्वितीय पुरस्कार 2001,तृतीय पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। प्रवेश शुल्क ग्रुप डांस के लिए 151 रुपए एवं एकल डांस के लिए 101 रूपये रखा गया है। यह जानकारी डोमन सोनवानी एवं अणेश्वर यादव ने दिया साथ ही अपील किया है की अपनी प्रतिभा दिखाने हेतु अपना पंजीयन जल्द ही समिति से सम्पर्क कर करा सकते है।

चुनाव के लिए गठित उडऩदस्ता दल में किया गया आंशिक संशोधन

राजनांदगांव 15 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए गठित उडऩदस्ता दल प्रभारी में आंशिक संशोधन किया है। संशोधित आदेश के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री कामता प्रसाद साहू को उडऩदस्ता दल क्रमांक 2 एवं उप अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग राजनांदगांव श्री टोपेन्द्र दीवान को उडऩदस्ता दल क्रमांक 4 का दल प्रभारी बनाया गया है।

इंटर कॉलेज वॉलीबॉल में रिम्स व आरएलएम चिकित्सा महाविद्यालय बने विजेता

रायपुर. 17 अक्टूबर। पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले महाविद्यालयों की राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 14 अक्टूबर तक पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के द्वारा किया गया। पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के हीरक जयंती पर आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में नौ टीम ने व महिला वर्ग में आठ टीम ने भाग लिया।

पुरुष वर्ग में रिम्स ने आर. एल. एम. चिकित्सा महाविद्यालय को व पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय ने रूंगटा डेंटल कॉलेज को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। रिम्स ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में पं. जवाहर लाल

नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय को हराकर विजेता बना।

महिला वर्ग में आर. एल. एम. चिकित्सा महाविद्यालय ने भारती आयुर्वेदा कॉलेज को हरा कर एवं पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय ने रिम्स को हराकर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। आर. एल. एम. चिकित्सा महाविद्यालय ने संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय को पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। विजेता टीम की ओर से सिद्धार्थ, श्रीयस, सागर व जे. एन. एम. के ललित, विष्णु आलोक का एवं महिला वर्ग में पूजा, राजेश्वरी, प्रिया, वर्षा, मीनाक्षी का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। पुरस्कार वितरण डॉ. मानिक चटर्जी, डॉ. संदीप चंद्राकर के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के आयोजन में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं अधिकारी व कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

कलेक्टर ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा

धमतरी 17 अक्टूबर। जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 की तिथियों के घोषणा के बाद अब चुनावी तैयारियां अपनी मूर्त रूप लेने लगी है। इसी सिलसिले में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने रिटर्निंग आफिसर और नोडल अधिकारियों के साथ स्थानीय भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में मत पेटी वितरण केंद्र व मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, साफ-सफाई, विद्युत, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, ईवीएम और वीवीपैट मशीन की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीव्ही कैमरा, सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने बैरिकेट्स, गाड़ियों के पार्किंग स्थल, एवं सुरक्षा व्यवस्था करने तथा गणना के दिन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए है। इस दौरान कलेक्टर श्री रघुवंशी ने धमतरी जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र सिहावा, कुरूद और धमतरी हेतु बनाये जाने वाले स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री रघुवंशी ने निरीक्षण के दौरान डाटा संकलन एवं प्रेषण हेतु कम्प्यूटर कक्ष का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को कम्प्यूटर कक्ष में सभी सुविधायें उपलब्ध कराने कहा। साथ ही उन्होंने रिटर्निंग आफिसर से निर्वाचन कार्य हेतु आवश्यक सामग्री की सूची

देने के भी निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से सीधे सीधे कहा कि 3 विधानसभाओं के मतदान सामग्री और ईव्हीएम का वितरण यहां से किया जाना है, अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि संबंधित विधानसभा में जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है, वहीं प्रवेश करें। कलेक्टर श्री रघुवंशी ने कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर सभी तैयारियां समय पूर्व करना सुनिश्चित करें, ताकि निर्बाध रूप से निर्वाचन का सम्पादन किया जा सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषिकेश तिवारी, एसडीएम धमतरी, कुरूद, और नगरीय के अलावा नोडल अधिकारी अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई

धमतरी 17 अक्टूबर। कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रभाकर शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस कड़ी में आबकारी दल द्वारा आज विभिन्न स्थलों में अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही कर कुल 04 प्रकरण कायम किए गए हैं। इनमें विधानसभा क्षेत्र सिहावा के माड़मसिल्ली निवासी अमित यादव से 2.5 लीटर महुआ शराब जप्त कर 34 (1) क और अमलीपारा के राजेश विश्वकर्मा से 4.5 लीटर महुआ शराब जप्त कर प्रकरण 34 (1) के तहत कायम किया गया।

इसी तरह ग्राम बहानापथरा नाला के पास छापेमार कार्यवाही से बरामद 110 बल्क लीटर महुआ शराब जप्त (मूल्य 11000) तथा 1950 किलोग्राम लाहान (मूल्य 97500) नष्ट किया गया। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2), 34(1) च के तहत प्रकरण कायम किया गया। ग्राम बनबगौद में छापामार कार्यवाही से बरामद 65 बल्क लीटर महुआ शराब (मूल्य 6500) जप्त तथा 830 किलोग्राम महुआ लाहन (मूल्य 41500) नष्ट किया गया। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2), 34(1) च के तहत प्रकरण कायम किया गया। उक्त कार्यवाही मे आबकारी उप निरीक्षक श्री लालजी दीवान, श्री आशीष ध्रुव, आबकारी प्रधान आरक्षक श्री अजय मारकण्डे, आबकारी अमला और नगर सैनिक इत्यादि मौजूद रहे।

मतदान करवाने की प्रक्रिया को उत्साह और अच्छे से सीखें:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 17 अक्टूबर । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने आज सर्वेश्वर दास नगर पालिक उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-1 के प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में मतदान कार्य एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसको जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-1 को मतदान करवाने की प्रक्रिया को उत्साह और अच्छे से सीखने कहा। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी-1 की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। पीठासीन एवं मतदान अधिकारी-1 मतदान केन्द्र में लगे अन्य कर्मचारियों को मार्गदर्शन देते हैं। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर्स को पीठासीन एवं मतदान अधिकारी-1 की जिम्मेदारियों को बारीकी से समझाने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान कार्य को निर्बाध संपादित करने के लिए प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझने कहा। ताकि मतदान के दिन यदि कोई समस्या आई तो तत्काल उसका

निराकरण आपके द्वारा किया जा सके। सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखें।

कलेक्टर श्री सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों से पहली बार मतदान करवाने के लिए संज्ञान लिया और उन्हें प्रशिक्षण में दिए जा रहे सभी नियमों का बेहतर ज्ञान रखने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में सभी पीठासीन और मतदान अधिकारियों को पोस्टल बैलेट पेपर प्राप्त करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में मतदान करवाने के साथ-साथ अपने मताधिकार का उपयोग भी करना जरूरी है, इसलिए सभी पोस्टल बैलेट पेपर प्राप्त कर लें और पोस्टल बैलेट पेपर के संबंध में पूरी जानकारी सीखने के लिए कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करने के लिए कहा ताकि दिक्कत न हो। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतदान दलों के पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी -1 का प्रथम चरण प्रशिक्षण जिले के सभी विकासखंडों में दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज 16 अक्टूबर को पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-1 को प्रशिक्षण दिया गया। मतदान दलों का प्रथम चरण प्रशिक्षण में सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव, स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला डोंगरगढ़, स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला डोंगरगांव और स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला छुरिया में कुल 804 पीठासीन अधिकारी तथा 745 मतदान अधिकारी-1 को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

वर्तमान एमएलए का टिकट काटने से कार्यकर्ता नाराज

मोहला 17 अक्टूबर। खुज्जी विधानसभा में इस बार वर्तमान विधायक का टिकट कटने से विधानसभा के कार्यकर्ताओं में नाराज़गी देखी जा रही है। आज सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विधायक छन्नी साहू के गांव पैरिटोला पहुँचकर पार्टी के प्रति नाराज़गी जताई है, कार्यकर्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में अत्यधिक कार्य करने वाली विधायक का टिकट काटना सही नही है ,पार्टी के लिए समर्पित एक विधायक का कार्य क्षेत्र में सराहनीय रहा लेकिन पार्टी ने उसे नज़रअंदाज़ किया और टिकट काटकर दूसरे को प्रत्याशी घोषित कर दिया जिससे क्षेत्र की जनता आक्रोश में है । कार्यकर्ताओं ने कहा कि हम कांग्रेस पार्टी को भूल सकते है लेकिन विधायक छन्नी साहू को नही भूल सकते, कांग्रेस पार्टी ने हम लोगो के साथ अन्याय किया है जबकि पैनल में छन्नी साहू का नाम प्रथम श्रेणी में था लेकिन तानाशाहीपूर्वक नाम काटकर दूसरे को टिकट दे दिया गया । कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी तानाशाही हो गई है हम इसके लिए लड़ाई लड़ेंगे ।

विधायक छन्नी साहू ने कहा-पार्टी का आदेश सर्वोपरि

एक तरफ कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है वही विधायक छन्नी साहू ने कहा कि पार्टी के हम समर्पित है संगठन जो फ़ैसला तय करेगी हम उनके आदेशों का पालन

करेंगे,रही बात कार्यकर्ताओं की वो बिना बुलाये मेरे निवास पहुँचे मैं उनकी नाराज़गी समझ सकती हूं लेकिन एक जनप्रतिनिधि होने के उनकी निराशा को आशा में बदलने का प्रयास कर रही हु और पार्टी के लिए कार्य करने के लिए आस्वस्थ कर रही हु ।

कार्यकर्ताओं ने नए प्रत्याशी पर लगाए आरोप : विधायक निवास पहुँचे कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए बताया कि विधायक छन्नी साहू का पैनल में नाम पहले नंबर पर था जिसे पार्टी ने तानाशाही तरीके से नाम काटकर भोलाराम साहू को टिकट दे दिया,जब कार्यकर्ताओं से पूछा गया कि कांग्रेस के प्रत्यासी है क्या उनका समर्थन करेंगे तो कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते कहा कि हमारे दिल मे नए प्रत्याशी उतर नही पायेगें और पिछले लोकसभा चुनावों में कार्यकर्ताओं को निराश किया गया है और कार्यकर्ताओं के गाड़ी किराया ,नास्ता और अन्य खर्च अपनी अब तक नही दिया गया है,चुनाव का खर्च अपनी जेब से भरा गया है ।

सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पैराशूट प्रत्याशी के विरोध में इस्तीफा दिया

राजनांदगांव 17 अक्टूबर। विधानसभा क्रमांक 75 के ग्रामीण क्षेत्र के 72 गांव के कांग्रेस कार्यकर्ताओ का बैठक ग्राम मलपुरी रखा गया था जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया सभी ग्रामीण कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारि कांग्रेस पार्टी की विभिन्न पद से प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देने का निर्णय व राजनांदगांव विधानसभा में अपना निर्दलीय उम्मीदवार उतारने का निर्णय लिया गया और 19,10,2023 को नामांकन पत्र दाखिल करने का निर्णय लिया गया।

प्रदेश में भाजपा सरकार लाने भेड़ीकला के बूथ में चर्चा

राजनांदगाँव 17 अक्टूबर। पार्टी के विस्तारक परदेशी पटेल आज राजनांदगाँव समीपस्थ ग्राम भेड़ीकला पहुंचकर भूपेश सरकार के पाँच साल के कार्यकाल को अराजकता , भ्रष्टाचार, महिला विरोधी और घोटाले से भरी उपलब्धि बताते हुए कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया । ग्राम के सरपंच श्री कृष्णा साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की लहर है । भूपेश सरकार के कुशासन और भ्रष्टाचार से छत्तीसगढ़ की जनता त्रस्त हैं, इस सरकार ने महिलाओ व युवाओं को धोखा दिया है, इस बार छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार लाने भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता संकल्पित है । इस दौरान उपसरपंच अजीत देवांगन, भाजपा नेता संतोष निर्मलकर बुथ कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित ग्रामवासी मौजूद रहें ।

शासकीय एवं निजी स्थानों से हटाये गये पोस्टर एवं बैनर

धमतरी 17 अक्टूबर। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए कार्यक्रम जारी करने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है।इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 पारित करते हुए इसे हटाने के निर्देश दिये थे। इसके तहत सार्वजनिक सम्पति अंतर्गत 3622 दीवार लेखन, 4036 पोस्टर, 882 बैनर और 2134 अन्य पोस्टर बैनर हटाये गये। इसी तरह निजी सम्पति अंतर्गत 4810 दीवार लेखन, 1463 पोस्टर, 413 बैनर और 749 अन्य बैनर्स हटाए गए। इस तरह कुल 10 हजार 674 सार्वजनिक स्थल तथा 7 हजार 435 निजी स्थल के पोस्टर, बैनर निर्धारित समयावधि में हटाये गये हैं।

पुराने रायपुर शहर की दुर्दशा के लिए बृजमोहन जिम्मेदार: कन्हैया

रायपुर 17 अक्टूबर । रायपुर शहर के गौरव पुराना रायपुर की बदहाल सड़कों के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराए जाने संबंधी बयान पर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने पलटवार करते हुए कहा कि इसके लिए विधायक श्री बृजमोहन अग्रवाल और सांसद सुनील सोनी सर्वाधिक जिम्मेदार हैं । उन्होंने कहा कि सदर बाजार ,सत्ती बाजार, कंकाली पारा,लाखेनगर, ,महामाया पारा में पार्षद बीजेपी के हैं, विधायक खुद बृजमोहन अग्रवाल जी हैं, सांसद भाजपा के सुनील सोनी जी हैं पर जिम्मेदारी कांग्रेस । सड़क डामरीकरण के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा जारी राशि से भूमि पूजन आप करें और जिम्मेदारी शासन की हो यह दोहरा मापदंड कैसा है । विधायक ने क्षेत्र के विकास के नाम पर हमेशा केवल बयान बाजी की है । रायपुर दक्षिण की सड़कें यदि बदहाल है तो क्षेत्र के विधायक के नाते आपने पिछले महीनो में क्या किया ,मैंने तो सड़क निर्माण की मांग को लेकर कलेक्टर और निगम कमिश्नर से मिलकर ज्ञापन भी सौंपा था पर आपने सड़कों पर गड्ढों को लेकर केवल बयान जारी किए हैं । सड़कों पर गड्ढे विकास कार्य के लिए हो रहे हैं, स्मार्ट सिटी लिमिटेड का काम शहर में चल रहा है जिसमें विधायक और सांसद दोनों शामिल हैं, पेयजल योजना का पैसा देर से केंद्र द्वारा जारी करने से योजना लेट हुई पर विधायक और सांसद दोनों जगह मौन रहे आखिर सड़कों की बदहाली के लिए दोनों विभागों में आप जिम्मेदारों ने बात क्यों नहीं उठाई ।

फोर्टिफाइड चावल और बायो-फोर्टिफाइड चावल की उपयोगिता के प्रति लोगों को किया जागरूक

सुरगी। पं. शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सुरगी के चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत मोखला गांव में कुपोषण दूर करने वाले फोर्टीफाइड और बायो फोर्टीफाइड चांवल के बारे में जागरूकता लाने हेतु किसानों को जानकारी दी गई, छात्रों ने गली मोहल्ले एवं चौक-चौराहों पर उपस्थित किसानों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा मिलने वाले चांवल में उपस्थित फोर्टीफाइड चांवल से सबंधित जानकारी साझा की गई एवं प्लास्टिक चांवल से जुड़ी मिथ्य बातों को खंडन करके उनमें पाए जानें वाले मुख्यपोषक तत्व जैसे जिंक, फोलिक एसिड, विटामिन 12 के महत्व को संक्षिप्त पर व्याख्या करके समझाया क्योंकि गांवों में इन फोर्टिफाइड चांवल को खाना पकाते समय छांट कर अलग फेंक दिया जाता हैं जिससे भोजन से ऊर्जा तो मिल पाती हैं।

संपादकीय

कांग्रेस की पहली सूची जारी

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए सभी दल अपने अपने प्रत्याशी के नामों की घोषणा कर रहे हैं। इनमें भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा करने में सबसे आगे है।उसने अब तक 90 में से 85 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। भाजपा की सूची जारी होने के बाद कांग्रेस की सूची का इंतजार किया जा रहा था।वैसे तो कांग्रेस की तरफ से कहा गया था कि कांग्रेस की सूची सिंतबर में आ जाएगी। लेकिन हर सीट पर सिंगल प्रत्याशी के नाम पर कई दौर की बैठक हुई उसके बाद अक्टूबर में जाकर कांग्रेस की पहली सूची जारी हुई है।कांग्रेस की सूची पितर पक्ष के कारण भी लेट हुई है। कांग्रेस ने पितर की जगह नवरात्रि में सूची जारी करना ज्यादा अच्छा समझा।कांग्रेस की पहली सूची में 30 प्रत्याशियों को नाम है। इनमें से 20 नाम तो प्रथम चरण वालों के हैं। दूसरे चरण में 70 सीटों पर मतदान होना है, इसलिए कांग्रेस ने दूसरे चरम के प्रत्याशियों के नामों में 10 नाम ही घोषित किए हैं। जब तक पूर नाम घोषित नहीं हो जाते तब तक दूसरे दलों से उसकी तुलना नहीं हो सकती। फिर भी नामों को देखा जाए तो इसमें तमाम मंत्रियों के नाम है। किसी की टिकट काटी नहीं गई है तथा यह संदेश दिया गया है कि सरकार के सभी मंत्रियों का काम पांच साल में अच्छ रहा है, उनके प्रति जनता व कार्यकर्ताओं में नाराजगी नहीं है। वह चुनाव जरूर जीतेंगे आंकड़ों के मुताबिक पहली सूची में जिन तीस लोगों के नाम है, उनमें चार महिलाएं, 3 एससी,14 एसटी, 9 ओबीसी हैं। यानी कांग्रेस की पहली सूची में एसटी को ज्यादा महत्व दिया गया है। उसके बाद ओबीसी को महत्व दिया गया है। पहली सूची में कांग्रेस ने आठ विधायकों के टिकट काटे हैं। इनकी जगह नए चेहरो को टिकट दिया गया है। कांग्रेस के 22 प्रत्याशी पिछली बार चुनाव हारे थे इसलिए कांग्रेस की दूसरी सूची नए चेहरों, युवा नेताओं के नाम ज्याद हो सकते हैं। कांग्रेस ने पहसी सूची में ज्यादा नाम इसलिए जारी नहीं किए हैं कि दूसरे चरण का चुनाव तो 17 को होना है। सूची जारी होती है तो सभी दलों के वे नेता असंतोष व विरोध जाहिर करते हैं जिनको टिकट की उम्मीद रहती है और उन्हें टिकट नहीं मिलती है। ऐसे नेताओं में कई पार्टी से बगावत कर चुनाव भी लड़ते हैं,कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर दूसरी पार्टी की टिकट का जुगाड़ कर चुनाव लड़ते हैं,इससे पार्टी को नुकसान होता है। जिन विधायकों के टिकट काटे गए हैं, अभी उनकी प्रतिक्रिया सामने नहीं आई हैं। भाजपा में भी प्रत्याशी को लेकर लोगों का विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। भाजपा ने सूची जारी होने के बाद डैमेज कंट्रोल करन का प्रयास किया जा रहा है। नामांकन वापस होने के बाद ही तस्वीर साफ होगी कि भाजपा और कांग्रेस से बगावत कर कौन कौन चुनाव मैदान में हैं। भाजपा ने बघेल सरकार के मंत्रियों के सामने नए चेहर उतार हैं तो कांग्रेस ने पूर्व सीएम रमन सिंह के खिलाफ गिरीश देवांगन को प्रत्याशी बनाया गया है। यह तो साफ है कि यह सीट रमन सिंह जीत जाएंगे क्योंकि गिरीश देवांगन रमन सिंह के टक्कर के नेता नहीं है। गिरीश देवांगन को रमन सिंह के खिलाफ इस रणनीति के तहत प्रत्याशी बनाया गया है कि यदि ईडी गिरीश देवांगन के खिलाफ चुनाव के दौरान कोई कारवाई करती है तो यह कहा जा सके कि रमन सिंह व भाजपा चुनाव हार रहे हैं इसलिए गिरीश देवांगन के खिलाफ ईडी ने कार्रवाई की है। जहां तक दूसरे दलों के प्रत्यीशियों का सवाल है तो आप, जोगी कांग्रेस सहित कई दल कांग्रेस की पूरी सूची घोषित होने का इंतजार कर रहे हैं। ताकि कांग्रेस के उन नेताओं का उपयोग चुनाव लड़ने व कांग्रेस को हराने में किया जा सके जो चुनाव में जीत सकते हैं या कांग्रेस को हरा सकते हैं। कांग्रेस के नेता भाजपा में जाएंगे नही क्योकि वहां तो ज्यादात टिकटे दी जा चुकी हैं, आप ने कम प्रत्याशियों को टिकट दिए ताकि कांग्रेस के नाराज लोगों को टिकट देतर चुनाव में जीत हासिल करने का प्रयास किया जा सके या ज्यादा वोट पाने का प्रयास किया जा सके।

गाजा युद्ध एक,पहलू अनेक

गंभीर मुद्दा

तनवीर जाफ़री



कहा जाता है कि बचे यहूदियों को देश से बाहर निकालते समय भी हिटलर ने कहा था कि –मैं चाहता तो इन्हें भी मार देता। मगर मैंने इन्हें ज़िंदा इसलिये छोड़ दिया ताकि दुनिया देखे कि मैंने इन्हें क्यों मारा। परन्तु उस घटना के लिये जोकि द्वितीय विश्व युद्ध का एक हिस्सा थी आज तक दुनिया हिटलर को अपराधी समझती है और यहूदियों के साथ उस समय हुये होलोकास्ट के चलते इस समुदाय के प्रति अपनी सहानुभूति रखती है।

फिलिस्तीन के कई क्षेत्रों में इस्लामिक आंदोलन के रूप में सक्रिय संगठन हमास ने जब से इज़राईल पर एक साथ लगभग 7 हज़ार मिसाइलों की अकल्पनीय वर्षा की है उसके फ़ौरन बाद से ही इस्राईल ने भी युद्ध की घोषणा करते हुये ग़ज़ा पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिये हैं। दोनों ही तरफ़ से मानवता का खून खुलकर बहाया जा रहा है। दोनों ही पक्षों के हज़ारों लोग अपनी जानें गँवा चुके हैं। अमेरिका सहित कई पश्चिमी देश हमास के हमले को आतंकवादी हमला बताते हुये इस्राईल के साथ खड़े हुये हैं। जबकि इस्लामी देश ख़ासकर अरब जगत इस मुद्दे पर बंटा हुआ है। ले दे कर ईरान,सीरिया व लेबनान जैसे देश व वहां का नेतृत्व बिना इस बात की परवाह किये हुये फ़िलिस्तीनियों के साथ खड़ा है कि इस्राईल को महाशक्ति अमेरिकी समर्थन हासिल है। इस्राईल तो यह भी आरोप लगा रहा है कि हमास द्वारा इज़राईल पर दागी गयी लगभग 7 हज़ार मिसाइल व इसके कारण इस्राईल में हुई जान व माल की भारी तबाही के पीछे ईरान का हाथ है। परन्तु ईरान ने इस

हमले में अपनी संलिप्तता से तो इंकार ज़रूर किया है परन्तु उसने हमास और फ़िलीस्तीनियों के अधिकारों व उनके संघर्ष के प्रति अपना खुला समर्थन पूर्ववत जारी रखने का एलान भी किया है। हमास का मत है कि फ़िलिस्तीन एक इस्लामी मातृभूमि है जिसे किसी अन्य को नहीं सौंपा जा सकता और इज़राइल से फ़िलिस्तीन का नियंत्रण छीनने के लिए पवित्र युद्ध छेड़ना फ़िलिस्तीनी मुसलमानों के लिए एक धार्मिक कर्तव्य है। वेस्ट बैंक में भी हमास की मौजूदगी है। फ़िलहाल खंडहर के रूप में परिवर्तित हो चुके ग़ज़ा को इस्राईली सेना चारों तरफ़ से घेर कर सैन्य कार्रवाही कर रही है यहाँ तक कि उसने हवाई हमले भी किये हैं। इस्राईल ने तो फ़िलीस्तीनियों से ग़ज़ा छोड़ कर चले जाने की भी चेतावनी दे डाली है। ग़ौरतलब है की हमास का मुख्यालय भी ग़ज़ा शहर में ही है जिसे पूरी तरह ध्वस्त करने का संकल्प इस्राईली नेता बेंजमिन नीतिनयाहु ले चुके हैं। इस पूरे दुर्भाग्यपूर्ण घटना चक्र में केवल मानवता विरोधी युद्ध ही नहीं हो रहा बल्कि पूरा विश्व इस युद्ध व इसके कारणों के विभिन्न पहलुओं को लेकर भी चिंतित है। सबसे बड़ी चिंता इस युद्ध में यह है कि जिसतरह आनन फ़ानन में अमेरिका ने अपनी सैन्य सहायता इस्राईल को सबसे पहले भेजी और उसके वरिष्ठ मंत्री भी इस्राईल आये और गये उससे एक बात साफ़ नज़र आ रही है कि इस्राईल इस समय यह लड़ाई केवल ग़ज़ा में हमास नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिये ही नहीं लड़ रहा बल्कि इसके पीछे ईरान को उकसाने की भी पश्चिमी देशों की एक बड़ी साज़िश है। तमाम अंतराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद ईरान का प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहना और पूरी तरह आत्म निर्भर बने रहना यहाँ तक कि सैन्य,विज्ञान व तकनीकी क्षेत्रों में भी शोधात्मक प्रगति करना पश्चिमी देशों को नहीं भा रहा है । यह किसी भी तरह ईरान को युद्ध में खींचना चाहते हैं। वर्तमान ग़ज़ा युद्ध में भी इन देशों की यही कोशिश है कि ग़ज़ा पर हो रहे इस्राईली ज़ुल्म और उसे अमेरिकी समर्थन से क्रोधित होकर किसी तरह ईरान भी युद्ध में कूद पड़े। यदि ऐसा होता है तो उसके बाद इस युद्ध की क्या शक्ल होगी इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

दूसरा पहलू इस युद्ध का यह भी है कि इस्राईल व अमेरिका सहित अनेक पश्चिमी देश जोकि स्वयं शस्त्रों का उत्पादन व व्यवसाय करते हैं उनके लिये इस तरह के युद्ध ही उचित बाज़ार हैं। लिहाज़ा हथियार उत्पादन करने व मुख्यतः इसका व्यवसाय करने वाले देशों की दिलचस्पी शांति या युद्ध रोकने में नहीं बल्कि युद्ध को और ख़तरनाक मोड़ तक ले जाने में रहती है। भीषण मारक हथियारों के इस्तेमाल के परिणाम स्वरूप जहाँ मानवता कराहती है और मानवतावादी आंसू बहाते हैं वही यह हथियार उत्पादक वैश्विक लॉबी ऐसे हथियारों के अति घातक परिणाम को अपनी व अपने उत्पाद की सफलता मानते हैं। आजकल ऐसे प्रत्येक हथियारों के प्रयोग के साथ ही उनकी वीडिओ भी बनाई जाती है ताकि उसकी कार्यक्षमता व उसके द्वारा की गयी भीषण तबाही का पूरा खूनी मंज़र कैमरे में क़ैद कर अपना शस्त्र क्रेता ग्राहक देशों या आतंकवादी संगठनों को दिखाया जा सके। दुनिया के कई शस्त्र उत्पादक देश केवल अनेक देशों की सरकारों को उसके सैन्य प्रयोग के लिये ही हथियार नहीं बेचते बल्कि दुनिया के अनेक आतंकी संगठनों या कथित रूप से मुक्ति संघर्ष में लगे संगठनों को भी हथियार की आपूर्ति करते हैं। अन्यथा सोचिये कि दुनिया के तमाम आतंकी या मुक्ति संग्राम/आंदोलन के नाम पर भूमिगत होकर गुरिल्ला युद्ध करने वाले संगठनों के पास अत्याधुनिक हथियार आने का आख़िर दूसरा कौन सा ज़रिया है ? इसी इस्राईल-ग़ज़ा संघर्ष के बीच दुनिया के सामने वह दस्तावेज़ भी खूब वायरल हो रहे हैं जिसमें जर्मनी में हिटलर से सताये गये यहूदी जहाज़ों में भरकर फ़िलिस्तीन में शरण मांग रहे हैं और फ़िलिस्तीनी समुद्र तट पर लगे अपने जहाज़ पर उन्होंने एक बैनर लगा रखा है जिसपर शरण की भीख मांगते हुये यह लिखा कि - जर्मनी ने हमारे घर परिवार को तबाह व बर्बाद कर दिया है अब आप हमारी उमीदों को मत कुचलना। ग़ौर तलब है कि 1941-45 के मध्य जर्मन तानाशाह हिटलर ने लगभग 60 लाख यहूदियों को तरह तरह की यातनायें देकर मार दिया था। यह जर्मनी में कुल यहूदियों की आबादी का लगभग एक तिहाई हिस्सा था। कहा जाता है कि बचे यहूदियों को देश से बाहर निकालते समय भी हिटलर ने कहा था कि -मैं चाहता तो इन्हें भी मार देता। मगर मैंने इन्हें ज़िंदा इसलिये छोड़ दिया ताकि दुनिया देखे कि मैंने इन्हें क्यों मारा। परन्तु उस घटना के लिये जोकि द्वितीय विश्व युद्ध का एक हिस्सा थी आज तक दुनिया हिटलर को अपराधी समझती है और यहूदियों के साथ उस समय हुये होलोकास्ट के चलते इस समुदाय के प्रति अपनी सहानुभूति रखती है।

परन्तु केवल आठ दशकों के अपने शरणार्थी रुपी प्रवास के दौरान जिस तरह यहूदियों ने फ़िलिस्तीन की ज़मीन पर क़ब्ज़ा करने व इन्हें इनकी ज़मीन से बेदख़ल करने तक का षड़यंत्र पश्चिमी देशों की मिली जुली साज़िश से रचा है और आये दिन उस धरती पर खून की होली खेली जाती है उसे देखकर यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि भविष्य में किसी देश के सताये हुये लोग या असुरक्षा,हिंसा,प्रताड़ना या विद्वेष के शिकार वर्ग या समुदाय विशेष के लोग यदि किसी देश में शरण मांगेंगे तो उस देश को पूरा अधिकार है कि वह फ़िलिस्तीन के साथ हुये दुनिया के सबसे बड़े धोखे को मद्देनज़र रखते हुये ही कोई निर्णय ले ?

अब रहा सवाल भारत सहित कई देशों यहाँ तक कि मुस्लिम जगत के कई देशों द्वारा इज़रायल को समर्थन देने या उसका विरोध न करने का,तो इसके लिये इस्राइल ने एक दूरगामी रणनीति के तहत पिछले तीन दशकों से उन देशों से निकटता बढ़ाई जो इज़राइल से मधुर सम्बन्ध बनाने में हिचकते थे। इसमें भारत ही नहीं बल्कि पाकिस्तान व सऊदी अरब व अरब जगत के और भी कई देश शामिल हैं। आज युद्ध के समय फ़िलिस्तीन को खुलकर मुस्लिम जगत व अन्य कई देशों का का समर्थन हासिल न हो पाना उसी इस्राईली रणनीति का परिणाम है। इसके अलावा भी ग़ज़ा में छिड़े युद्ध के और भी अनेक पहलू हैं।

आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरू करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेगा। नये व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिए शिक्षकों की साहयता लेंगें, जो आपके भविष्य में बेहद काम आयेंगी। आज आप अपनी मेहनत, धैर्य और समझदारी से सारे काम निपटा लेंगे।

वृष राशि- आज आपका मन उमंग से भरा रहेगा। हर कोई आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। आज अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का प्रयत्न करें।

मिथुन राशि-आज का दिन मिला-जुला प्रतीक्रिया देने वाला रहेगा। आज किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा फिल होगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाए आज ऑनलाइन कोई नयी डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा। लेखकों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, उनके लेखन कार्यो की सराहना होगी। साथ ही आज के दिन आप किसी नई रचना की शुरुआत भी करेंगे।

कर्क राशि-आज अकारण शुरू हुई बाधाएं, माता की कृपा से पूरी तरह से समाप्त हो जायेंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आप विदेश में भी व्यापार करने की योजना बनाएंगे। आपकी सोशल मिडिया पर किसी से बात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा। आज बच्चे घर के काम में माता की मदद करेंगें, जिससे माता उनसे प्रसन्न रहेगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे।

सिंह राशि-आज आपका दिन खुशियाँ लेकर आया है। काम के मामलों में आप बेहद व्यवहारिक रहेंगे। आपके मन में बहुत दिनों से कोरोबार को लेकर कोई योजना चल रही है, तो आज आप उस योजना पर काम शुरू करेंगे, जिससे आपको कोई बड़ा लाभ मिलेगा। आज आपकी मीठी वाणी आपके काम को जल्दी पूरा करवाने में मदद करेगी। किसी बात को लेकर परेशान है तो आज आपकी टेंशन ख़त्म होंगी।

कन्या राशि-आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। आपको दूसरों से प्रेरणा लेकर काम करने की जरुरत है। आज बोलने से ज्यादा आपको काम पर ध्यान देना चाहिए। आज आपको अपने माता-पिता के साथ समय बिताना चाहिये। संयम और धैर्य के साथ ही आपको अपने कदम आगे बढ़ाने चाहिए। किसी रिश्तेदार से चली आ रही अनबन आज खत्म हो जाएंगी। आपको ऑयली खाने-पीने से बचना चाहिए, सेहत अच्छी बनी रहेगी।

तुला राशि-आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। अगर आप कोई बिजनेस करते हैं, तो आपको उसे बढ़ाने के लिए थोडी और मेहनत करने की जरूरत है। आज कोई पड़ोसी आपसे किसी प्रकार की साहयता मांगेगे, जिसे आप असानी से पूरा करेंगे। लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर लम्बी बात होगी। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। किसी पुराने दोस्त से फ़ोन पर बातचीत होगी। धैर्य के साथ की गयी मेहनत का नतीजा आज आपके फेवर में ही होने वाला है।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन ठीक रहेगा। ऑफिस के किसी सहकर्मी के साथ बिजनेस मीटिंग में शामिल होंगे। आज अपने बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा, आप अपनी पढ़ाई को लेकर पूरी तरह से अलर्ट रहेंगे आज की गई मेहनत का लाभ मिलेगा। लवमेट के लिए आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है, किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे।

धनु राशि-आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। लोगों का भरोसा आप पर बना रहेगा। आपकी इमानदारी से लोग प्रेरणा लेंगें। महिलाएं घर के काम से जल्द ही राहत पा लेंगी। आज आप दोस्तों के साथ समय बिताएंगे। कई दिनों से रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा। बच्चों को घरका सहयोग मिलेगा।

मकर राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप सोशल मीडिया के जरिए सामाजिक कार्यों में सहयोग देंगें। शिक्षकों की मदद से विद्यार्थीओं का कोई प्रोजेक्ट पूरा होगा। किस्मत का साथ आपको आर्थिक लाभ दिलायेगा। पहले की गई मेहनत का आज दुगना लाभ मिलेगा। आज काम काज ज्यादा रहेगा, जिसकी वजह से आपको खुद के लिए समय निकाल पाना मुश्किल होगा, लेकिन काम समय से पूरा होने से आपको खुशी भी होगी ।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले थोड़े रुक सकते हैं, लेकिन समय रहते सब ठीक हो जायेगा। आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगें, उसमें सफलता हासिल होगी। आज आपको किसी दोस्त का सहयोग मिलेगा। आज आपको कुछ ऐसा हासिल होगा जिसकी ख्वाहिश आपको काफी पहले से थी। आप नया करोबार करने का सोच रहे हैं तो किसी अनुभवी की सलाह जरूर लें, आपको कोई अच्छी राय मिलेगी। बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मीन राशि-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर लें। छात्र आज अपने करियर को लेकर कोई योजना बनाएगें, बच्चों को सही गाइडेंस की जरुरत है। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली होगी। लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आज बातचीत करने में मधुरता रखें। मां दुर्गा को लौंग अर्पित करें, आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

व्यंग्य

थूके को चाटना

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

जनता की कचहरी में नेता जी धर लिए गए। पाँच साल पहले दुबले पतले थे। अब काफी भारी-भरकम और ऊपर से विदेशी चश्मा, घड़ी, खद्दर के चलते हैंडसम लग रहे थे। गरीबों के नाम पर माल बनाया और उसी माल से चार-चार शॉपिंग मॉल बनाए। कुल मिलाकर जनता त्रस्त और वे मस्त थे। जनता का आक्रोश इतना कि उसमें से एक ने नेता जी से कह दिया - आप यहाँ क्या मुँह लेकर आए हैं?

जनता थूकती है तब भी उसे आप चाटते चले जाते हैं। आपमें थोड़ी-बहुत शर्म-हया बची है कि नहीं? नेता जी बड़ी विनम्रता से कहने लगे - देखिए! थूकना कोई नई क्रिया थोड़े न है। फिर चाटने से परहेज क्यों? थूके को चाटना यह एक सहज क्रिया है, जो मतलब को साधने के रूप में ब्रह्मास्त्र सा काम करता है। यह क्रिया कई प्राकृतिक और सांस्कृतिक कारणों से होती है। जो व्यक्ति थूके को चाटता है, वह अपने द्वारा उत्कृष्ट अनुभवों का आनंद लेता है और उम्मीद होती है कि उसकी आनंदप्रद क्रिया साझा करने वाले लोग भी उसकी प्रशंसा करेंगे। थूकने का कार्य मुख्य रूप से मुख वायुमंडल के द्वारा होता है। यह अपशब्द के उच्चारण से छुटकारा दिलाता है और मात्र एक मौखिक क्रिया द्वारा अपने भीतर की भड़ास को शांत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। थूकने कई कीटाणु निकलते हैं तो चाटने से अपने भीतर बसे कीटाणु पर वही कीटाणु एंटी-बायोटिक का काम करते हैं। थूक को कई भाषाओं में विभिन्न नामों से जाना जाता है, लेकिन चाटने की स्वार्थ सिद्धि प्रवृत्ति सबमें एक जैसी होती है। यद्यपि, पिछड़े और गरीब लोग थूके को चाटना अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। इसी कारण वे जीवन भर ऊपर उठ नहीं पाते हैं। पहले जैसे थे, आगे भी उसी तरह रहने की भीष्म प्रतिज्ञा के साथ थूके को चाटना गंदी क्रिया मानते हैं। जबकि स्वार्थ के लिए किसी भी हद तक जाने वाले इसे मनोरंजक, मनोहारी और उत्कृष्ट क्रिया मानते हैं। इसे वे मान्यतापूर्वक, अनुभूतिपरक कथा और अपने सफल जीवन के लिए वरदान मानते हैं। उनकी संस्कृति का यह महत्वपूर्ण तत्व माना जाता है। आम जनता के बीच धाक जमाने और अपने शान की प्रदर्शनी करने का सबसे बढ़िया उपाय के रूप में देखा जाता है। ठीक से देखा जाए तो थूके को चाटना एक अनूठे आनंद की क्रिया है, इसलिए इसे बहुत सोच-समझकर और व्यापारिक योग्यता के साथ किया जाना चाहिए। इसका इस्तेमाल और अभिव्यक्ति के निर्माण की दृष्टि से करना पर्याप्त है, जिससे सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान बना रहता। किसी के अहम को ठेस भी नहीं पहुँचती है। यह झगड़े-फसादों को मिटाने का अचूक अस्त्र है। यह सूचित करना महत्वपूर्ण है कि थूके को चाटना कोई स्वाभाविक प्रक्रिया नहीं है, और इसे सामाजिक या आपसी रिश्तों में बिना सम्मति के किया जाना चाहिए। इसलिए, थूके को चाटना यह दिखाता है कि मानवीय अस्तित्व अपनी अनुभूति को व्यक्त करने में उन्नति कर रहा है। यह सामाजिक, सांस्कृतिक, मनोरंजन और उत्कृष्टता का एक प्रमुख अंग बन गया है, जो हर स्वार्थी के डीएनए में दिखाई देता है। थूके को चाटना सचमुच एक अद्भुत और अनुभवी क्रिया है, जो साथी और देखने वाले के बीच एक मानवीय बंधन बनाती है।

चर्चित मुद्दा

किशन सनमुखदास भावनानीं

क्रिकेट प्रेमियों के लिए 128 साल बाद खुशखबरी का जोरदार छक्का

वैश्विक स्तरपर अगर हम 2023 वर्ष में 17 अक्टूबर 2023 तक के भारत में स्थापित वर्षों से लंबित और स्थापित नए कीर्तिमानों की करें तो हर भारतीय का सीना गर्व से फूल उठेगा क्योंकि वर्ष 2023 में हमने कई रिकॉर्ड कीर्तिमान स्थापित किए हैं, जिसमें ढाई महीने अभी बाकी है।वर्ष के अंत तक और भी नए कीर्तिमान स्थापित होना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता जिसमें हांगझू एशियन गेम्स में 72 वर्षों बाद पहली बार 107मैडल मिले, वर्ष 2023 जी-20 बैठक, दिल्ली घोषणा पत्र, अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों की मेजबानी, वैश्विक संस्थाओं की बैठक एयरो इंडिया 2023, चंद्रयान-3, वैश्विक अर्थव्यवस्था में पांचवा नंबर, 33 प्रतिशत महिला आरक्षण कानून सहित अनेंकों उपलब्धियां को अगर हम गिनने जाएंगे तो स्थान कम पड़ जाएगा और अभी-अभी 15 -17 अक्टूबर 2023 अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ जिसका समापन आज दिनांक 17 अक्टूबर 2023 को हुआ। यह 141वीं आईओसी की मेजबानी भारत 40 साल के बाद दूसरी बार किया है इसमें पूर्व 1983 में आईओसी के 86 वें सत्र का आयोजन किया गया था। वर्तमान सत्र का उद्घाटन माननीय पीएम ने 14 अक्टूबर 2023 को किया था जिसका समापन आज 17 अक्टूबर 2023 को संपन्न हुआ।इसकी सबसे बड़ीउपलब्धि भी भारत में ही हुई कि 128सालों के बाद क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी का जोरदार छक्का भारत में ही लग गया है, क्योंकि अमेरिका के लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ग्रीषामकालीन ओलंपिक गेम्स में क्रिकेट को शामिल कर दिया गया है, जिसकी घोषणा भी भारतीय भूमि पर ही की गई है और 2036 में भारत में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए आशा में और 2029 में होने वाले युवा ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भी उत्साहित है।चूंकि आज 128 सालों के बाद ओलंपिक में क्रिकेट मैच 20-20 फार्मेट में खेलने की घोषणा आईओसी ने की है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मंचों की बैठकों, खेल टूर्नामेंट में अपनी क्षमता को सिद्ध कर दुनियां का स्वागत करने के अवसर को निभाया है।

साथियों बात अगर हमआईओसी द्वारा दिनांक 16अक्टूबर 2023 को ओलंपिक गेम्स में क्रिकेट को शामिल करने की घोषणा की करें तो, क्रिकेट फैंस के लिए बड़ी एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है, अमेरिका के लॉस एंजिलिस में साल 2028 में होने वाले ओलंपिक गेम्स में क्रिकेट की एंट्री हो चुकी है। इंटरनेशनलओलंपिक कमिटी की मुंबई बैठक में इस पर अंतिम फैसला लिया गया। इस बैठक में क्रिकेट के साथ ही 4 अन्य खेलों को भी ओलंपिक्स 2028 में शामिल करने काफैसला लिया गया,जिसमें बेसबॉल सॉफ्टबॉल फ्लैग फुटबॉल, स्क्वैश और लैक्रोस भी शामिल हैं। बता दें कि इंटरनेशनल ओलंपिक कमिटी (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने पिछले सप्ताह ही इन पांच खेलो को ओलंपिक्स 2028 में शामिल करने के लॉस एंजिल्स खेल आयोजकों के प्रस्ताव पर बातचीत की मंजूरी दे दी थी।ओलंपिक 2028 में क्रिकेट के साथ बेसबॉल-सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वैश और लैक्रोस भी आयोजित होंगे। इन पांच खेलों को लेकर बीते शुक्रवार को ही फैसला ले लिया गया था, फिर रविवार से मुंबई में इस मामले में आखिरी दौर की बातचीत चली और फिर आज (सोमवार) दोपहर इन खेलों को ओलंपिक्स में शामिल करने का आधिकारिक ऐलान कर दिया गया। ओलंपिक्स 2028 में क्रिकेट टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। इसमें महिला और पुरुष दोनों टीमों का इवेंट होगा। फिलहाल, 6-6 टीमों को ही एंट्री दिए जाने का प्रस्ताव रखा गया है. आने वाले दिनों में इस पर टीमों की संख्या को लेकर स्पष्टता आ सकती है।

साथियों बात अगर हम 14 अक्टूबर 2023 को माननीय पीएम द्वारा भारत में 40 वर्षों के बाद 141वीं आईओसी मीटिंग का उद्घाटन कर संबोधन करने की करें तो उन्होंने इस बात पर बल दिया कि खेल भारत की संस्कृति और जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण अंग रहा है। जब हम भारत के गांवों की यात्रा करते हैं तो देखते हैं कि कोई भी त्योहार खेल के बिना अधूरा रहता है।भारतीय न सिर्फ खेल प्रेमी हैं, बल्कि इसे आत्मसात भी करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल संस्कृति भारत के हजारों वर्ष पुराने इतिहास में परिलक्षित होती है। चाहे सिंधु घाटी सभ्यता हो, वैदिक काल हो या उसके बाद का युग, प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि भारत की खेल विरासत बहुत समृद्ध रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि हजारों वर्ष पहले लिखे गए ग्रंथों में घुड़सवारी, तैराकी तीरंदाजी कुश्ती आदि खेलों सहित 64 विधाओं में पारंगत होने का उल्लेख किया गया है और उनमें पारंगत होने पर बल भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि तीरंदाजी के खेल को सीखने के लिए एक धनुर वेद संहिता यानी तीरंदाजी के लिए एक संहिता प्रकाशित की गई थी, जिसमें धनुषवाण, चक्र, भाला, तलवारबाजी, खंजर, गदा और कुश्ती जैसे 7 अनिवार्य कौशलों का उल्लेख किया गया है। यह सत्र खेल से संबंधित विभिन्न हितधारकों के बीच वार्तालाप और ज्ञान साझा करने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए पीएम ने 40 वर्षों के बाद भारत में हो रहे इस सत्र के महत्व का उल्लेख किया।उन्होंनेअहमदाबाद में विश्व के सबसे बड़े स्टेडियम में दर्शकों के उत्साहपूर्ण जयघोष के बीच क्रिकेट विश्व कप में भारत की जीत पर भी प्रसन्नता व्यक्त की थी।उन्होंने कहा था,मैंभारतीय टीम और प्रत्येक भारतीय को इस ऐतिहासिक जीत पर बधाई देता हूं। पीएम ने भारत की इस प्राचीन खेल विरासत का वैज्ञानिक प्रमाण प्रस्तुत किया। उन्होंने धोलावीरा यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल का उल्लेख किया और 5000 वर्ष पुराने इस नगर की शहरी योजना में खेल के बुनियादी ढांचे के संदर्भ में भी चर्चा की पीएम ने कहा कि खुदाई में दो स्टेडियम मिले हैं, उनमें से एक उस समय का दुनिया का सबसे पुराना और बड़ा स्टेडियम था। इसी तरह राखीगढ़ी में खेल-कूद से जुड़ी संरचनाएं मिली हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत की यह खेल विरासत संपूर्ण दुनिया की है। पीएम ने खेल की दुनिया में भारत के शानदार प्रदर्शन के लिए सरकार के प्रयासों को इसका श्रेय दिया। उन्होंने ओलंपिक के पिछले संस्करण में कई एथलीटों के शानदार प्रदर्शन का भी स्मरण किया और हाल ही में संपन्न एशियाई खेलों में भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और विश्व विश्वविद्यालय खेलों में भारत के युवा एथलीटों द्वारा बनाए गए नए रिकॉर्ड का भी उल्लेख किया।उन्होंने कहा कि सकारात्मक बदलाव भारत में खेलों के तेजी से बदलते परिदृश्य का संकेत हैं। खेल में किसी की हार नहीं होती है, केवल विजेता और सीखने वाले होते हैं। खेल की भाषा और भावना सार्वभौमिक है। खेल महज प्रतिस्पर्धा नहीं है। खेल मानवता को विस्तार करने का अवसर प्रदान करता है।यही कारण है कि रिकॉर्ड विश्व स्तर पर बनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि खेल वसुधैव कुटुंबकम्- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की भावना को भी मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने भारत में खेलों के विकास के ल

THE THIRD SCHEDULE

(See section 29)

FORM A

NAGRIK SAHAKARI BANK LTD., RAIPUR (C.G.)

BALANCE SHEET

YEAR 2022-2023 Dt.31-03-2023

(Rs.in thousand)

Capital & Liabilities	Schedule	CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
Capital	1	28,502	15,478
Reserves and Surplus	2	180,186	242,345
Deposit	3	1,874,379	1,828,765
Borrowing	4	-	-
Other Liabilities	5	57,199	55,236
Total		2,140,266	2,141,824

Assets		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
Cash and balances with RBI	6	14,009	22,262
Balance with banks and money at call and short notice	7	809,553	1,075,312
Investments	8	743,239	586,306
Advances	9	482,908	313,153
Fixed Assets	10	11,582	12,821
Other Assets	11	78,975	131,970
Total		2,140,266	2,141,824
Contigent liabilities	12	12,881	10,052

THE THIRD SCHEDULE

(See section 29)

FORM B

Nagrik Sahakari Bank Ltd., Raipur (C.G.)

Profit & Loss Account

YEAR 2022-2023 Dt.31-03-2023

(Rs.in thousand)

I. Income		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
Interest & Discount	13	114,608	116,063
Other Income	14	13,911	4,485
Grand Total		128,519	120,548

II. Expenditure		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
Intt. Paid on Deposit	15	71,878	75,922
Operating Expense	16	54,905	43,065
Total		126,783	118,987

III. Profit & Loss	CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
Profit/Loss	1,736	1,561
Profit/Loss(-) brought forward	10,302	9,282
Total	12,038	10,843

SCHEDULE - 1		BALANCE	
CAPITAL		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
i)	CAPITAL Authorised Capital Individuals 1000000 share of Rs. 100/- each 10,00,00,000/-	26268	13121
ii)	Share Nominal	105	94
ii)	Share DMT	2129	2263
	Total	28502	15478

SCHEDULE - 2		BALANCE	
Reserves & Other Funds		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
i)	Reserve Funds	32884	32494
ii)	Building Funds	16544	16232
iii)	Bad & Doubtful Fund	24567	32255
iv)	Gratuity Fund	2035	2003
v)	Employees Welfare Fund	1758	1727
vi)	Charitable Fund	845	829
vii)	Devident Equlization Fund	2035	2003
viii)	Special Bad & Doubtful Fund	24200	24200
ix)	Development Fund	3400	3400
x)	Contigent Standard Assets	1500	1500
xi)	Investment Flctuation Fund	2227	2227
xii)	Pro. Spl. Bad & Doubtful Intt. Fund	55153	111632
xiii)	Covind 19Fund	1000	1000
xiv)	Profit & Loss Account	12038	10843
xivi)			
	Total	180186	242345

SCHEDULE - 3		BALANCE	
Deposit		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
i)	Compulsary Deposit	0	12200
ii)	Fixed Deposit	844798	856441
iii)	Saving Deposit	939098	862035
iv)	Current Deposit	79423	84974
v)	Reccurring Deposit	11060	13115
vi)	CC LIMIT A/C	0	0
vii)	RBI Dormat A/C	0	0
	Total	1874379	1828765

SCHEDULE - 4		BALANCE	
Borrowings		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
		0	0

SCHEDULE - 5		BALANCE	
Other Liabilities		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
i)	Jila Sahakari Sangh Chanda	200	70
ii)	Audit Fees Payable	177	150
iii)	F.D. & R.D. Intt. Payable	49645	47053
iv)	Devidend Payable	1184	1316
v)	Sundry Account	296	207
vi)	Pay Order Payable	2950	4390
vii)	SD Tax dedction at Source	825	883
viii)	C/C CREDIT BAL	545	288
ix)	Sundry account others	676	291
x)	INCA	701	494
xi)	Branch Adjustment	0	94
	Total	57199	55236

SCHEDULE - 6		BALANCE	
Cash and balances with RBI		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
Cash in hand		14009	22262
Total		14009	22262

SCHEDULE - 7		BALANCE	
Balance with banks and money at call and short		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
i)	FD with HDFC Bank	5500	6872
ii)	FD with P. & Sindh Bank, Raipur	60200	274374
iii)	FD with AXIS Bank, Raipur	85000	87500
iv)	FD with UCO. Bank, Raipur	0	85000
v)	FD with P.N. Bank, Raipur	50000	113316
vi)	FD with PNB Husing, Raipur	0	80000
vii)	FD with Bank Of India Bank, Raipur	0	79600
viii)	Call Money/Short Notice	174000	45000
ix)	FD with JSK Bank, Raipur	0	107283
x)	FD with Yes Bank, Raipur	50000	0
xi)	FD with RBL Bank, Raipur	50000	0
xii)	FD with Bank OF Baroda	90000	0
xiii)	FD with DCB Bank, Raipur	50000	0
xiv)	FD with Indian Bank, Raipur	50100	0
xv)	FD with IFDC First Bank, Raipur	30000	0
xvi)	SB with D.Co-Op.Bank (Main)	211	3077
xvii)	Current A/c with C.G.R.S.Bank Raipur	131	131
xviii)	Current A/c with C.G.R.S.Bank H.O.Raipur	685	685
xix	Current A/c with S.B.I.Raipur	521	522
xx	Current A/c with P. & S. Bank	23315	24291
xxi	Current A/c with SBI Dhamtari	17018	50019
xxi	Current A/c with IDBI Bank Raipur	9000	0
xxii	Current A/c with HDFC Bank Raipur	5358	12309
xxii	Current A/c with Clg.A/C HDFC Bank Raipur	12405	17610
xxiv	Current A/c with DCCBank Dhamtari	1027	27
xxv	Current A/c with P.N. Bank Raipur	35743	83274
xxvi	Current A/c with HDFC Bank ATM	4026	3952
xxvi	Current A/c with Bank Of India	4794	159
xxvii	Current A/c with Axis Bank	519	311
	Total	809553	1075312

SCHEDULE - 8		BALANCE	
Investments		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
i)	Central Govt. Security	563238	426305
ii)	Co-Op Bank Raipur	1	1
iii)	HDFCMutual Fund	140000	140000
iv	LIC Mutual Fund	30000	20000
v	TATAMUtual Fund	10000	0
	Total	743239	586306

SCHEDULE - 9		BALANCE	
Advances		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2021
i)	General Loan	434919	257354
ii)	Over Draft	0	130
iii)	Cash Credit	44926	52546
iv)	Statt & Other	332	404
v)	C.P.F. Advance	2016	1846
vi)	Staff Overdraft	715	873
	Total	482908	313153

SCHEDULE - 10		BALANCE	
Fixed Assets		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
i)	Land	83	83
ii)	Building	10502	11668
iii)	Furniture & fixture	997	1070
	Total	11582	12821

SCHEDULE - 11		BALANCE	
Other Assets		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
i)	Stationary	332	332
ii)	Sundry Debitors	1088	0
iii)	DEA FUND	0	381
iv)	Interest Receivable	55153	111632
v)	Bills Receivable	0	0
vi)	Br. Adjustment	250	0
vii)	Investment Intt.Receveable	20801	17425
viii)	Advance Tax	1300	2200
ix	Input TaxCredit	51	0
	Total	78975	131970

SCHEDULE - 12		BALANCE	
Contigent Liability		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
i	DEA Fund	12881	10052
	Total	12881	10052

SCHEDULE - 13		BALANCE	
Interest & Discount		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
i)	Fixed Deposit	35347	59333
ii)	Intt.Rec. on Saving Account	127	30
iii)	Intt. Rec. on C.C. & O.D.	6222	6319
iv)	Intt.Rec. on General Loan	28710	20745
v)	Govt.Security intt.	33178	24759
v)i	Mutual Fund INTT.	9266	4877
vii)	Call/Sort Notice INTT.	1758	0
	TOTAL	114608	116063

SCHEDULE - 14		BALANCE	
Other Income		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
i)	Bank Commission	332	276
ii)	I/c & Duplicate Pass Book	2279	2815
iii)	Enterance Fee	2	1
iv)	Locker Rent	328	249
v)	Other Income	140	76
vi)	Processing Charge	2288	614
vii)	Loan Application Form	42	32
viii)	Atm Charge	325	0
viV	Profit ON Govt.Security Sale	175	422
viV	Bad &Douftful Fund Refund	8000	0
	TOTAL	13911	4485

SCHEDULE - 15		BALANCE	
Intt. Paid on Deposit		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
i)	Intt. Paid on F.D. & R.I.Deposit	47615	49578
ii)	Intt. Paid on Compulsary Deposit	157	361
iii)	Intt. Paid on Saving Deposit	23386	25104
iv)	Intt. Paid on Reccurring Deposit	720	879
	TOTAL	71878	75922

SCHEDULE - 16		BALANCE	
Operating Expense		CURRENT YEAR 2023	PREVIOUS YEAR 2022
i)	Salary & Allowances	30031	27089
ii)	Tour Allowance	8	5
iii)	Employee WelFare	1	1
iv)	Director Meeting Allowance	103	82
v)	Building Rent	1239	1755
vi)	Insurance	5594	5367
vii)	Electrical Exp.	652	617
viii)	Income Tax	1278	1116
ix)	Court Expenses	18	80
x)	Telephone Exp.	52	42
xi)	Postage	0	0
xii)	Audit Fees	204	150
xiii)	Depreciation	1538	1646
xiv)	Stationary & Printing	182	476
xv)	Advertising	14	15
xvi)	Conti.& Office Exp.	1993	1436
xviii)	A.G.M.Exp.	93	102
xix)	Computer Hardware Maintenance	121	24
xx)	Jila Sahakari Sangh Chanda	130	50
xxi)	Petrol Exp.	0	0
xxii)	Service Tax	509	0
xxiii)	Internal Audit Expence	207	195
xxiv)	Core BankingSolution	2693	2301
xxv)	Govt.Security Loss	66	66
xxvi)	Penalty RBI	10	450
xxvi)i	SPL Baddoutful Fund	0	0
xxvil	Unsecured LoanWrite off [Loss Assets]	8169	0
xxvIX			
	TOTAL	54905	43065

For Nagrik Sahakari Bank Ltd., Raipur

G.S.Upadhyay
Manager(Acctt.)

Abhishek Dubey
CEO

For, P.C.BAFNA & CO.
Chartered Accountants

CA Sunil Kashyap
Partner
M.no. 075681

Director

Director

Harmeet Singh Hora
President

P.C. BAFNA & CO.
Chartered Accountants

Shantanand Chambers,
Durg,(C.G.) 491001
Email: pcbafnaco@rediffmail.com

Independent Auditors' Report

To,
The Members,
NAGRIK SAHAKARI BANK LIMITED RAIPUR

1. We have audited the accompanying financial statements of **NAGRIK SAHAKARI BANK LIMITED RAIPUR,** which comprise the Balance Sheet as at 31st March 2023 and the Statement of Profit and Loss Account, and the Cash Flow Statement for the year ended and a summary of significant accounting policies and other explanatory information. The returns of 5 branches audited by us are incorporated in these financial statements.

Management's Responsibility for the Financial Statements:

2. Management is responsible for the preparation of these financial statements that give a true and fair view of the financial position, financial performance and cash flow of the Bank in accordance with Banking Regulation Act 1949 (as applicable to Co- operative societies), the guidelines issued by the Reserve Bank of India and the guidelines issued by the Registrar of Cooperative Societies, Chhattisgarh, the Chhattisgarh Co-Operative Societies Act, 1960, and the Chhattisgarh Co- Operative Societies Rules, 1960, (as applicable) and generally accepted accounting principles in India so far as applicable to the Bank. This responsibility includes the design, implementation and maintenance of internal control relevant to the preparation of the financial statements that are free from material misstatement, whether due to fraud or error.

Key Audit Matters

3. Key audit matters are those matters that, in our professional judgment, were of most significance in our audit of the Ind AS financial statements of the current period. These matters were addressed in the context of our audit of the Ind AS financial statements as a whole, and in forming our opinion thereon, and we do not provide a separate opinion on these matters.

[Description of each key audit matter in accordance with SA 701]

1

Auditor's Responsibility:

4. Our responsibility is to express an opinion on these financial statements based on our audit. We conduct our audit in accordance with Standards on Auditing issued by Institute of Chartered Accountants of India. Those Standards require that we comply with ethical requirements and plan and perform the audit to obtain reasonable assurance about whether the financial statements are free from material misstatements.
5. An audit involves performing procedures to obtain audit evidence about the amounts and disclosures in the financial statements, whether due to fraud or error. In making those risk assessments, the auditor considers internal control relevant to the Bank's preparation and fair presentation of the financial statements in order to design audit procedures that are appropriate in the circumstances, but not for the purpose of expressing an opinion on effectiveness of the entity's internal control. An audit also includes evaluating the appropriateness of accounting policies used and the reasonableness of the accounting estimates made by management as well as evaluating the overall presentation of the financial statements.
6. We believe that the audit evidence we have obtained is sufficient and appropriate to provide a basis for our audit opinion.

Opinion

7. In our opinion and to the best of our information and according to the explanations given to us, the financial statements together with the Notes thereon give the information required by the Banking Regulation Act, 1949 (as applicable to Co- operative societies) The Chhattisgarh Cooperative Societies Act, 1960 and the guidelines issued by the National Bank for India and Registrar of Cooperative societies in the manner so required and give a true and fair view in conformity with the accounting principles generally in India :

(i) In the case of the Balance Sheet, of the state of affairs of the Bank as at 31st March 2023.

(ii) In the case of the Profit and Loss Account of the profit for the year ended on that date.

Report on Other Legal & Regulatory Requirement:

2

8. The Balance Sheet and the Profit and Loss Account have been drawn up in Forms "A" and "B" respectively of the Schedule to the Banking Regulation Act, 1949 and provisions of the Chhattisgarh Co-operative Societies Act, 1960 and Chhattisgarh Co-operative Societies Rules 1960.

9. We Report That :

a) We have obtained all the information and explanation, which to the best of our knowledge and belief were necessary for the purpose of our audit and have found them to be satisfactory.

b) In our opinion, proper books of account as required by law have been kept by the Bank so far as it appears from our examination of those books and proper returns adequate for the purpose of our audit have been received from the branches/ offices.

c) The transactions of the bank, which have come to our notice, have been within the power of the bank.

d) The Balance Sheet and Profit and Loss Account dealt with by this report, are in agreement with the books of account and the returns.

e) The accounting standards adopted by the Bank are consistent with those laid down by accounting principles generally accepted in India so far as applicable to Banks.

Date : 26.06.2023
Place : Raipur

For, PC BAFNA & CO.
Chartered Accountants

CA Sunil Kashyap
Partner
M.no. 075681

एक नजर

जूटमिल पुलिस,फ्लाईंग स्कवाड ने 3 कारों से 15,64 लाख रुपये किया बरामद

रायगढ़, 17 अक्टूबर। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर जिले में प्रवेश करने वाले चेक पोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल प्रवेश करने वाले वाहनों एवं व्यक्तियों की कड़ी निगरानी कर रही है। साथ ही किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई के लिये फ्लाईंग स्क्वॉड की विभिन्न टीमें सक्रिय है। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीमें पेट्रोलिंग के माध्यम से विभिन्न चौक चौराहों में वाहनों एवं व्यक्तियों की सघन जांच पड़ताल में लगी हुई है।

इसी क्रम में 16 अक्टूबर 2023 को थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत थ्ैज् टीम एवं जूटमिल पुलिस की संयुक्त कार्यवाही दौरान छातामुड़ा चौक के पास वाहनों की चेकिंग दौरान ब्रेजा वाहन क्रमांक सीजी 13।ड9487 को चेक किया गया कर में सवार नीरज अग्रवाल पिता कृष्ण अग्रवाल 44 साल निवासी सत्तीगुड़ी चौक रायगढ़ के पास रखे बैक को चेक करने पर बैग में 2 लाख 64 हजार 500 रूपये बरामद हुआ। इसी प्रकार सेंट्रो कार को चेक करने पर कार में सवार बबलू मलिक पिता हबीब मलिक निवासी गौशाला पैजमुडा जिला संबलपुर के पास बैग में 4ए00ए000 रुपए नगद बरामद हुआ। इसी क्रम में एक और टाटा हैरियर कार को चेक करने पर कर में सवार रमेश अग्रवाल पिता वासुदेव अग्रवाल निवासी कोड़ातराई के पास बैग में 900000 नगद बरामद हुआ पूछताछ में कैश के संबंध में संबंधित व्यक्तियों के द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए और ना ही कोई वैध कागजात प्रस्तुत किया गया। विदित हो कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार 50000 रूपये से अधिक संपत्ति के परिवहन करते समय उचित कागजात प्रस्तुत करना होगा। पुलिस द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन के दृष्टिगत कुल नकद 1564500 रूपयों की विधिवत जप्ती कार्यवाही कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगे की कार्यवाही की जा रही है। थाना जूटमिल में सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, एसडीएम गगन शर्मा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय एवं थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक राम किंकर यादव द्वारा कार्रवाई की गई।

साइकिल रैली निकालकर लोगों को दिया ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का संदेश

फिंगेश्वर,17 अक्टूबर। जिला कलेक्टर गरियाबंद आकाश छिकारा एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार एवं रीता यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद व नोडल अधिकारी बुद्धविलास सिंह के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान शुरू की गई। इसी तारतम्य में जिले के सभी हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत गरियाबंद जिले में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य और 18 वर्ष की उम्र के सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत 16 अक्टूबर को स्कूली बच्चों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सायकल रैली निकालकर बच्चों ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि सब काम छोड़ दो,सबसे पहले वोट दो। इस अवसर पर बुद्धविलास सिंह (जिला नोडल अधिकारी) ने स्वीप कार्यक्रम मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना आवश्यक है।उन्होंने आगे कहा कि जागरूक मतदाता लोकतंत्र का भाग्यविधाता होता है.मतदान के दिन ज़ब आप मतदान करने जाएं तो परिचय पत्र(इपिक कार्ड)एवं फोटोयुक्त मतदाता पर्ची अवश्य लेकर जावे.पूरन लाल साहू (ब्लाक नोडल अधिकारी फिंगेश्वर)ने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता का वोट अमूल्य है तथा मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है।

ग्रामीण के सूने घर से चोर ले गए हजारों का सामान

रायगढ़, 16 अक्टूबर। बीती रात चोरों ने ग्रामीण के सूने मकान में धावा बोलते हुए हजारों का माल उड़ा दिया। चोरी की यह वारदात पुसौर थाना क्षेत्र की है। पुलिस छानबीन कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ग्राम कोसमन्दा में रहने वाला प्रदीप सारथी काम से धनागर गया था। उसकी बीवी अहिल्या अपने 2 बच्चों को लेकर मेहमानी में किरारी रामभांठा गई थी। इस दौरान सारथी परिवार की नामौजूदगी को भांप अज्ञात चोर दरवाजा तोड़ते हुए भीतर दाखिल हुए और बरामदे में खड़ी सायकल, कमरे की पेटी में रखे 4 हजार रुपए और रसोई कक्ष से कांस्य के बर्तन सहित हजारों के सामानों पर हाथ साफ कर दिया। अहिल्या मेहमानी से वापस घर लौटी तो दरवाजे में जड़े ताले को टूटे और सामानों को गायब देख उसने अपने पति को फोन करते हुए घटना की सूचना दी।

तदुपरांत हालात का जायजा लेते हुए चोरी के शिकार परिवार ने थाने जाकर आपबीती बताई। फिलहाल पुसौर पुलिस धारा 457, 480 के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज करते हुए संदेहियों से पूछताछ कर रही है।

दोनों नर हाथी मिले रात में और दिन में अलग-अलग होकर घूम रहे

हाथियों के आगमन से ग्रामीण परेशान

राजिम/पाण्डुका, 17 अक्टूबर। वन परिक्षेत्र पांडुका के जंगल से लगे गांव में हाथियों का उत्पादन कम होने का नाम नहीं ले रहा है तो वही बीते दिनों अंचल में दो नर हाथी अलग-अलग दिशा से आकर एक दूसरे से नागझर डोंगरी में मिले और फिर विपरीत दिशा में अलग अलग चले गए मतलब की महासमुंद से में द्वद्ग1 नामक हाथी आकर इस वक्त धमतरी जिला की ओर बढ़ रहा है जो वर्तमान में पोंड नर्सरी के आसपास नेशनल हाईवे 130 में बताया जा रहा है वहीं दूसरी हाथी जो स्द्ग3 जो इस समय झरझरा मंदिर के पास होना बताया जा रहा है जो पांडुका परिक्षेत्र के दीवना बिट में में मौजूद था और दोपहर 3ः00 बजे जतमई घटारानी मंदिर के मुख्य मार्ग में निकल आया आगे महासमुंद जिले की ओर बढ़ने की संभावना जता रहे हैं बता दे कि नवरात्र की वजह से इस मार्ग पर दर्शनार्थियों का आना-जाना लगा है ऐसे में वन विभाग के कर्मचारी अधिकारी और हाथी मित्र दल के सदस्य पहले से मौजूद था और दर्शनार्थियों को हाथियों की जाने तक दोनो तरफ रोके रखा हाथियों के सड़क से सुरक्षित निकलने के बाद ही उन्हें दोनों तरफ से आने जाने के लिए छोडा गया जो झरझरा मंदिर की ओर बढ़ गया इस प्रकार खेतों के बीचो-बीच हाथियों का आवागमन से पका पकाया धान का फसल तो बर्बाद हो रहा है साथ ही हाथियों का गरियाबंद जिला और फिंगेस्वर व पांडुका परिक्षेत्र

मुख्य रूप से निवास स्थान बनता जा रहा है जिसका मुख्य कारण परिक्षेत्र सहित जिलों में हाथियों के लिए अनुकूलता की वजह से हाथियों का आगमन बढ़ गया है और बीते 2 साल से झुंड के बजाय दो या तीन या फिर सिंगल हाथी आवागमन कर रहे हैं जो वन विभाग के लिए सर दर्द बना है साथ ही ग्रामीणों के लिए किसी सर दर्द से काम नहीं है तो लोगो के लिए एक प्रकार का मनोरंजन भी बन गया है बहरहाल दोनों हाथियों के मोमेंट पर वन विभाग की टीम नजर बनाए हुए हैं जिनका मुख्य उद्देश्य जनहानि रोकना है इसलिए फोन मोबाइल व्हाट्सएप मैसेज सोशल मीडिया के माध्यम से सचेत करते रहते हैं।

कलेक्टर ने एसपी के साथ स्ट्राँग रूम का किया निरीक्षण

रायगढ़, 17 अक्टूबर। आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान सामग्री वितरण और मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार के साथ केआईटी कॉलेज में तैयार किए जा रहे स्ट्राँग रूम के निरीक्षण में पहुंचे। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर श्री राजीव पांडेय, एडिशनल एसपी श्री संजय महादेवा, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट सहित जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस दौरान साथ रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने सभी विधानसभा के लिए तैयार किए जा रहे स्ट्राँग रूम का निरीक्षण कर वहां ईवीएम को रखने की व्यवस्था को देखा। इस दौरान स्ट्रॉन्ग रूम के सुरक्षा के संबंध में उन्होंने जानकारी लेते हुए पूरे एरिया को सुरक्षित करने के लिए ठोस बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में सभी आवश्यक जगहों पर सीसीटीवी लगाने के लिए निर्देशित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार ने पूरे परिसर में मतदान पश्चात ईवीएम की सुरक्षा के लिए जवानों की तैनाती को लेकर दिशा निर्देश दिए। स्ट्रॉन्ग रूम से काउंटिंग रूम तक ईवीएम के मूवमेंट के रूट का भी अधिकारियों ने मुआयना किया। कलेक्टर श्री गोयल ने पूरे परिसर में सभी आवश्यक तैयारियां जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के दिन लोगों की काफी आवाजाही रहेगी। उसके अनुरूप सभी कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो इसके लिए जरूरी इंतजाम समय से पूरे कर लिए जाएं।कलेक्टर श्री गोयल ने परिसर में विधानसभावार सामग्री वितरण के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तैयारियों की एक विस्तृत रूपरेखा बनाने के लिए संबंधित नोडल अधिकारी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा। साथ परिसर में लोगों के लिए पेयजल, शौचालय, मेडिकल हेल्प सेंटर और कैंटीन व्यवस्था के लिए भी तैयारियां जल्द पूरी करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री गोयल ने मतदान दलों के वाहन पार्किंग के संबंध में जानकारी लेते हुए जगह का निरीक्षण किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को पार्किंग व्यवस्था के साथ वाहनों के सुचारू आवाजाही के लिए सभी जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस मौके पर निगम आयुक्त श्री सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम श्री गगन शर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

डेंगू से एक व्यक्ति की मौत

रायगढ़, 16 अक्टूबर। शहर में डेंगू का आतंक जारी है। इसी क्रम में चक्रधर नगर के भैंस कोठा के एक अधेड़ शख्स की जिंदगी भी डेंगू ने छीन ली। इस जानलेवा बीमारी के चलते घटती आबादी से लोग दहशत में हैं। प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद डेंगू का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। वैसे डेंगू के डंक से शहर के कई लोग असमय काल कस गाल बन गएए मगर स्वास्थ्य विभाग उनकी मृत्यु की असल वजह डेंगू नहीं, बल्कि कुछ और ही होने का दावा करता है। जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी दीपक डनसेनाए युवा कारोबारी सूरज बेरीवालए पान दुकानदार शैनी कुमार त्रिवेदी जैसे कई लोग डेंगू के डंक से अपनी जान गंवा बैठे हैं। वहीं इस खतरनाक बीमारी ने फिर एक घर के कमाऊ सदस्य की जीवनलीला समाप्त कर दी। सूत्रों के मुताबिक लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सामने भैंसकोठा निवासी गणेश राम चौहान पिता हरिराम चौहान 52 साल की तबीयत विगत 2 अक्टूबर को खराब हो गई। परिजन जब इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए तो वह डेंगू पीड़ित निकला लिहाजा उसे एडमिट कर दिया गया।

बेटियों का रूझान शहर से हटाकर गांव की तरफ करें:डॉ अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 17 अक्टूबर। बेटियों के हाथ पीले करते वक्त उनका रूझान शहरो से हटाकर गांव की ओर आकर्षित करने की अब बेहद आवश्यकता हो गयी है। अपने घर से बेटियों को गांव की ओर नही भेजेंगे तो शहर की बेटियां आपके गांव की बहुयें नही बन पायेगी। शिक्षा के साथ हमें अपने पूर्वजो द्वारा दिये गये संस्कारो को समझने की आवश्यकता है। यह बातें पत्थलगांव मे आयोजित अग्रसेन जयंती के भव्य समापन समारोह के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथी रहे डॉ एन.के. अग्रवाल ने सैकडो अग्र बंधुओ को संबोधित करते हुये कही। दिन रविवार को शहर मे अग्रवंशजो द्वारा अपने भगवान अग्रसेन की 51वीं जयंती मनायी जा रही थी। दोपहर पश्चात अग्रवंशजो ने बेहद भव्य शोभा यात्रा निकाली। साथ मे अपने अठारह गोत्रो को अठारह सजी हुयी वाहनो मे बैठाया गया था,बडी विशाल वाहन मे भगवान अग्रसेन एवं माता माधवी को विराजमान



कराया गया था,जिसे देखने के लिए लोग सडक किनारे कतार लगाकर खडे हुये थे। तीन मार्गो मे शोभायात्रा ने भ्रमण किया। डी.जे की धुन पर भगवान अग्रसेन के इतिहास से संबंधित गीतो को बजाया जा रहा था,जिसमे समाज के हर वर्ग के लोग जमकर नाचते गाते दिखायी दिये। शोभायात्रा की अगुवाई के लिए शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। अंबिकापुर रोड मे डाहौलिया गर्ग परिवार एवं रामलाल अग्रवाल की ओर से शोभायात्रा के लिए जलपान की व्यवस्था की गयी थी। जशपुर रोड मे गुरूसिंग सभा,सर्व ब्राम्हण समाज,मधुवन एवं किशन गर्ग ने शोभा यात्रा का स्वागत करते हुये जलपान कराया। रायगढ रोड मे रूपेश अग्रवाल एवं उनके भाईयो द्वारा जलपान की व्यवस्था की थी,नीचे पेट्रोल पंप के पास नरेश अग्रवाल एवं उसके पश्चात भगवान अग्रसेन चौक के करीब श्याम मंदिर समिती द्वारा जलपान की व्यवस्था की गयी थी।।

पुलिस का कार्य सराहनीय- :दिन रविवार को अग्रसेन जयंती के मौके पर जिला पुलिस प्रशासन ने काफी बढिया व्यवस्था बनायी थी,वाहनो का रूट चार्ट तैयार किया गया था,एस.डी.ओ.पी हरीश पाटिल,थाना प्रभारी धीरेन्द्र दुबे एवं जिला से आये एक दर्जन से भी अधिक पुलिस कर्मियों ने शोभा यात्रा के दौरान कही भी यातायात व्यवस्था बाधित नही होने दिया। साथ ही उन्होने शोभायात्रा मे चल रहे अग्रकुल के लोगो की सुरक्षा के प्रति भी पूरी निष्ठा दिखायी। यही कारण था कि अग्रवाल समाज ने जिला पुलिस प्रशासन के साथ-साथ नगरीय प्रशासन का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने पुलिस के कार्यों की काफी प्रशंसा की।।

संदेहास्पद लेन-देन पर रखें कड़ी नजर, कलेक्टर ने बैंक प्रबंधकों को बैठक में दिए निर्देश

रायगढ़, 17 अक्टूबर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन-2023 आचार संहिता लागू होने के बाद आज कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने इनफोर्समेंट एक्शन के संबंध में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजय महादेवा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट उपस्थित रहें। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि स्वतंत्र निष्पक्ष निर्वाचन कराना प्रशासन का उद्देश्य हैं, इसलिए सभी विभागीय अधिकारी शराब की तस्करी, अंतर्राज्जीय सीमा पर असामाजिक तत्वों की घुसपैठ, नगद राशियों की आवाजाही, बिना विधिमान्य, वाउचर एवं बिना जीएसटी भुगतान के सामग्रियों का परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करें। इस दौरान उन्होंने सभी बैंक प्रतिनिधियों से अकाउंट में

होने वाले बड़े ट्रांजेक्शन एवं संदेहास्पद लेनेदेन की रिपोर्ट लीड बैंक मैनेजर को देने के निर्देश दिए, ताकि उसकी जांच की जा सके। उन्होंने ट्रांजेक्शन पर इनकम टैक्स को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बैंकों को निर्देशित किया कि प्रत्याशी घोषित होने के पश्चात खाता खुलवाने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बैंक के कैश वाहनों के बिना रूकावट परिवहन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित क्यूआर जनरेट कर लगवाने के निर्देश दिए। जिसमें सोर्स एवं डेस्टिनेशन जैसे जानकारी उपलब्ध हो। उन्होंने सभी बैकों को इस पर तत्काल कार्य करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर श्री गोयल ने अवैध शराब, ड्रग्स, कैश पर संबंधित विभागों को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी विभाग को अवैध शराब भण्डारण, परिवहन पर सख्ती से कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने जीएसटी को जिले में स्थित गोदाम, वेयर हाउस के सत्यापन एवं सामग्रियों के संदिग्ध भंडारण पर कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार ने जीआरपी एवं आरपीएफ की संयुक्त टीम बनाकर चेकिंग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन के सभी सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्डिंग सुनिश्चित करने एवं प्रतिदिन रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय अधिकारियों को ईएसएमएस ऐप की कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई, ताकि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किए गए कार्यवाही को अपडेट कर सके। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी श्री दुष्यंत रायस्त, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ज्योति सिंह, एसडीएम श्री गगन शर्मा, सीएसपी श्री अभिनव उपाध्याय एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बेहतर ट्रेनिंग से होगा निर्वाचन कार्य आसान

कलेक्टर श्री गोयल ने मास्टर ट्रेनर्स की बैठक ली। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि बेहतर ट्रेनिंग के फलस्वरूप निर्वाचन का कार्य आसान होता है। लिहाजा सभी मास्टर ट्रेनर्स पोलिंग टीम की ट्रेनिंग अच्छे से करवाये। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग में सभी की उपस्थिति महत्वपूर्ण है, अतः अनुपस्थित कर्मचारियों की रिपोर्ट भेजी जाए। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि ट्रेनिंग के दौरान पोलिंग टीम की सारी शंकाओं का समाधान किया जाए, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो।

समाचार संक्षेप

कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम मण्डावी ने लिया नामांकन फार्म,19 अक्टूबर को भरेंगे

बीजापुर, 17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ में चुनावी बिगुल बज चुका है,कांग्रेस ने पहले चरण के लिये 30 प्रत्याशियो के नाम घोषित किये है,जिसमे विधानसभा 89 बीजापुर से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम मण्डावी ने अपने वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ आज 16/10/2023 कलेक्ट्रेट पहुंच कर नामांकन फार्म लिया है,नामंकन फार्म लेने के पश्चात विक्रम मण्डावी ने मीडिया से मुखातिब हो कर कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की बीजापुर विधानसभा से प्रचंड बहुमत से जीत होगी।विक्रम मण्डावी ने आगे कहा कि हम जनता के लिए लगातार पूरे पांच साल सुख दुख हो ,प्राकृतिक आपदा हो या विकास कार्यो की बात हो हर वक्त उपलब्ध रहे है,वंही भाजपा नेता महेश गागड़ा पहले व वर्तमान में पूरे 15 साल से जनता से दूरी बनाकर चल रहे है,कांग्रेस ने लगातार पूरे पांच साल क्षेत्र में मेहनत की है,गिरीब,आदिवासी,किसान व सभी वर्गों के लिये काम किया है,जिससे कांग्रेस का जनाधार लगातार बड़ा है,विक्रम मण्डावी ने कहा कि इस बार की जीत पिछली जीत से भी बड़ी जीत होगी। नामंकन फार्म लेते वक्त विक्रम मण्डावी के साथ जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष लालू राठौर,जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम,जिला पंचायत सदस्या श्रीमती नीना रावतिया उद्दे,युवा आयोग सदस्य प्रवीण डोंगरे,बीज आयोग सदस्य इम्तियाज खान,नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया,सांसद प्रतिनिधि वेणु गोपाल राव,पीसीसी सदस्य जय कुमार नायर,पीसीसी सदस्य व प्रवक्ता ज्योति कुमार,कांग्रेस उपाध्यक्ष रितेश दास,मीडिया प्रभारी राजेश जैन,महासचिव शुखदेव नाग,महासचिव जितेंद्र हेमला,नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता,श्यामू गुप्ता,बाबूलाल राठी,राजा,जग्गी व भारी तादात में कांग्रेसी कार्यकर्ता रहे मौजूद।

लाइट, माइक, टेन्ट के लिए निविदा आमंत्रित

बीजापुर, 17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर हेतु लाईट, माईक, टेन्ट एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु मोहर बंद निविदा 17 अक्टूबर 2023 अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की गई है। इच्छुक निविदाकार निविदा से संबंधित शर्ते तथा आवेदन फॉर्म 12 अक्टूबर 2023 से 17 अक्टूबर 2023 तक कार्यालयीन अवधि में तथा 17 अक्टूबर 2023 को अपरान्ह 3 बजे तक कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बीजापुर (सामान्य निर्वाचन) से रूपये 500 नगद जमाकर अथवा सीजीटीसी से फार्म बिक्री के अंतर्गत शासकीय खजाने में जमा कर चालान की मूल प्रति कार्यालय में प्रस्तुत कर प्राप्त कर सकते हैं। निविदा की अवधि आगामी 01 वर्ष तक लागू रहेगी। प्राप्त निविदाएं 17 अक्टूबर 2023 को अपरान्ह 4 बजे खोली जावेगी। अधिक जानकारी के लिए संयुक्त जिला कार्यालय के भू-तल मे स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं अथवा जिले की वेबसाईट www.bijapur.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

मुठभेड़ के बाद एक माओवादी का शव मिला

बीजापुर, 17 अक्टूबर। थाना मद्देड क्षेत्रान्तर्गत कोरंजेड-बंदेपारा के जंगलों में मद्देड एरिया कमेटी प्रभारी ष्ठ्ढष्टरू नागेश, सचिव ,ष्टरू बुचन्ना, ,ष्टरू विश्वनाथ,एवं अन्य 15-20 सशस्त्र माओवादियो की उपस्थिति की आसूचना पर बीजापुर से डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं केरिपु 170 की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी ।सर्चिंग के दौरान दिनांक 17.10.2023 के सुबह बंदेपारा के जंगल में पुलिस और माओवादियों की बीच हुई मुठभेड़ । मुठभेड़ स्थल से 01 माओवादी का शव एवं 01 नग एके47 हथियार बरामद हुई माओवादी कोरंजेड-बंदेपारा के जंगल में कैम्प लगाये हुए थे। मुठभेड़ पश्चात सर्चिंग अभियान जारी है । विस्तृत रिपोर्ट पृथक से बल वापस लौटने के पश्चात् दी जावेगी ।

जनसंपर्क अभियान में पटेलपाली सब्जी मंडी पहुंचे ओपी चौधरी

रायगढ़, 16 अक्टूबर। रायगढ़ विधान सभा में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा के तत्काल बाद प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया। इस क्रम में वे आज प्रातः 5 बजे पटेल पाली स्थित सब्जी मंडी पहुंचे और किसान भाईयों सहित थोक एवं फुटकर सब्जी विक्रेताओं से सौजन्य मुलाकात की। आस.पास से सैकड़ों की संख्या में आने वाले सब्जी विक्रेता भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी को अपने बीच पाकर बेहद उत्साहित नजर आए। बुजुर्गों का आशीर्वाद पाने ओपी ने जब उनके पैर छुए तो एक बारगी माहौल भावुक हो गया। रायगढ़ का माटी पुत्र ने आम जनता की सेवा करने के लिए सरकारी सेवा में मिले सोने का सिंहासन का त्याग कर दिया। सब्जी विक्रेताओं से मिलकर उनकी बुनियादी समस्याओं को लेकर भी चर्चा कर उन्हें दूर करने का आश्वासन दिया। जन संपर्क के दौरान गोभी बेचने वाले युवा सब्जी विक्रेता के पास जमीन पर बैठकर उनका हाल चाल जाना। वहीं युवाओं के मध्य सेल्फी लेने की होड़ भी मची रही। मुलाकात के दौरान सब्जी मंडी के विक्रेताओं की मूलभूत समस्याओं को दूर करने का आश्वासन देते हुए ओपी ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के पश्चात् समस्याओं का निवारण कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

अग्रसेन जयंती पर अंकित अग्रवाल एवं हेल्पिंग हैंड्स क्लब का सम्मान

रायगढ़, 16 अक्टूबर। कोरोनाकाल से लेकर लगातार निःस्वार्थ भाव से पूरे प्रदेश में कर रहे सामाजिक कार्य । स्वास्थ से सम्बन्धित हो चाहे किसी असहाय के दर्द दूर करने की बात हो इनकी टीम उनका परिवार बनकर हमेशा अनजान लोगो के खड़ी रहती है। खरसिया के युवा अंकित अग्रवाल द्वारा रखी गई नीव आज पूरे देश में 27 हजार से अधिक मेंबर बन चुके है जिसमें सचिव उदित अग्रवाल उपाध्यक्ष रजत अग्रवाल वहीं महिला विंग से अध्यक्ष भारती मोदी उपाध्यक्ष बबीता अग्रवाल है। हेल्पिंग हैंड्स रक्तदान से लेकर गरीब बच्ची को पढ़ाई, गांव से दूर से आए मरीजों को उनके परिजनों को हर सहायता करते आ रहा है एवं करोना काल में इनके द्वारा किए गए इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुके है।

एक नजर

जन चौपाल आगामी आदेश तक स्थगित

बलौदाबाजार, 17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के कारण प्रत्येक सोमवार कलेक्टोरेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल को आगामी आदेश पर्यन्त स्थगित कर दिया गया है।

34 पाव देशी मसाला शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी हथबंद निरीक्षक अजय झा के निर्देशन में थाना हथबंद पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 16 अक्टूबर को थाना हथबंद से सउनि जगदेव साहू, आरक्षक भुवन वर्मा, कमलेश्वर बर्मन, .रमेश वर्मा एवं प्रशांत दीवान की पुलिस टीम द्वारा ग्राम खिलौरा अपने घर बाडी में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 3740 कीमत मूल्य का कुल 34 पाव देशी मसाला शराब तथा शराब बिक्री रकम ?1250 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना हथबंद में अपराध क्र. 111/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

जुआ खेलते चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा एवं अति. पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं उप पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा केसी दास थाना प्रभारी गिधौरी टुण्डरा के मार्ग दर्शन में अवैध जुआ सट्टा तथा अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश पर 15 अक्टूबर के रात्रि 10:00 बजे चौकी गिरोदपुरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला की ग्राम मड़वा स्कूल के सामने तालाब पार में कुछ जुवाडियन 52 पत्ती ताश से रुपए पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है कि सूचना चौकी पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी रेड कार्यवाही कर जुवाडियन (1) ओमप्रकाश डडसेना पिता शिव प्रसाद डडसेना उम्र 28 वर्ष (2) धरम दास मानिकपुरी पिता अगरमन दास उम्र 33 वर्ष (3) नंदकुमार भास्कर पिता स्वर्गीय विश्राम भास्कर उम्र 32 वर्ष (4) परमेश्वर भारद्वाज पिता सम्मेलन लाल भारद्वाज उम्र 20 वर्ष सभी ग्राम मड़वा को जुआ खेलते हुए पकड़े तथा इनके कब्जे से 52 पत्ती तास, फ्ड़ एवं पास से नगदी रकम 3390 रूपये को जप्त किया गया आरोपियों के विरुद्ध के छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 के तहत अपराध पंजीबद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक ओम सिंह साहू, आरक्षक टिकेश्वर साहू, लकेश्वर पुरैना वीरेंद्र साहू, की सराहनीय भूमिका रही।

रामलीला में बच्चों ने किया कमाल का अभिनय, दर्शक हुए अभिभूत

- पहले दिन नारदमोह-मुनिआगमन-ताड़का वध के चरित्रों का मंचन
- भाटापारा की ऐतिहासिक रामलीला संस्था का 104 वर्ष का प्रथम दिन मंचन संपन्न
- मुकुट पूजा में शामिल हुए सर्व ब्राम्हण समाज के पदाधिकारीगण, अतिथियों ने की बच्चों के अभिनय की प्रशंसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 17 अक्टूबर। नवरात्र पर्व के प्रथम दिवस पर भाटापारा की ऐतिहासिक आदर्श रामलीला नाटक मंडली अपने 104 वें वर्ष का मंचन जारी हुआ, जिसमे प्रथम दिवस लीला मंचन कार्यक्रम में 100 वर्षो पुरानी परम्पराओं का निर्वहन करते हुए मुकुट पूजा एवं गणेश पूजन हुआ जिसमें अतिथि के रूप में आमंत्रित रामलीला के 60 वर्ष पूर्व रामलीला के कलाकार रह चुके सीताराम जी पटाक एवँ रामलीला में राम की भूमिका में पूर्व कार्य कर चुके प्रकाशचंद शर्मा, लगभग 15 वर्षो से अधिक हनुमान की भूमिका निभाने वाले व रामलीला संरक्षक कैलाश चंद पुरोहित के द्वारा सम्पन्न कर रामलीला आरम्भ की गई जिसके बाद नारद मोह की लीला प्रारंभ हुई व भगवान रामजी एवं लखनलाल जी की आरती भाटापारा के प्रतिष्ठित एवम सर्व ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों में महेश उपाध्याय, अटल त्रिवेदी, सत्यनारायण जोशी, राधेश्याम फगा शर्मा, हर गोपाल शर्मा, अजयकांत शुक्ला, राजा त्रिवेदी, अशोक तिवाड़ी द्वारा किया गया। नारदमोह, मुनिआगमन, ताड़का वध, मारीच सुबाहु अत्याचार अंत की लीला को बच्चो ने शानदार प्रस्तुतिकरण के साथ अपने आकर्षक अभिनय और दमदार संवाद अदायगी से सजाकर दर्शको का मन मोह

लिया। प्रथम दिवस की नारदमोह, मुनि आगमन, ताड़का वध, मारीच सुबाहू अत्याचार की लीला में नारद एवँ दसरथ भूमिका में अक्षत जोशी, कालादेव सखी और सुबाहु में लक्ष्य चौरसिया, इंद्र और ताड़का में हर्ष गुप्ता, शंकर जी मे सागर जायसवाल, ब्रम्हा अभी अग्रवाल, शीलनिधि व विश्वामित्र की भूमिका में काव्यांश शर्मा, शिवगण में कोमल शर्मा, जगदीश वैष्णव, द्वारपाल में नमन मल, वशिष्ठ में वैभव तिवारी, मारीच में श्याम मल एवं भगवान विष्णु के किरदार में आयुष तिवारी, मोहनी-योगमाया में धर्मपाल, राम के रूप में अदित्य जोशी व लक्ष्मण में कार्तिकेय पाण्डे एवं अन्य किरदारों में केशव लाहोटी, जयमल, प्रिंस ठाकुर, आदि सोनी, अग्रांश शर्मा, मुकुल शर्मा, मंगल मिश्रा एवं अन्य बच्चो ने अपने दमदार अभिनय का लोहा मनवाया और लोगो को प्रशंसा करने पर मजबूर कर दिया। प्रथम दिवस की कार्यक्रम में सम्मिलित हुए अतिथि विप्रजनों ने रामलीला के संचालकों को बधाई देते हुए रामलीला में अभिनय कर रामजी की सेवा करने वाले बच्चो के लिए कहा कि अपनी पढ़ाई से समय निकाल कर कीमती समय रामकी सेवा में देने वाले बच्चे और उनके मातापिता धन्य है जो अपने नगर की परंपरा का निर्वहन करते हुए रामलीला के 104वें वर्ष के कार्य को कर रहे है और परम्परा को आगे बढ़ा रहे है। वही अतिथियों ने व्यासगद्दी संभाल रहे रामलीला के अध्यक्ष एवँ व्यास प्रमुख प्रकाश शर्मा, धनजी जोशी, रामजी जोशी, देव नारायण, शर्मा को बच्चो को रामकार्य में प्रशिक्षित करने के लिए प्रणाम किया वही अतिथि सम्मान मंच का रामलीला के वरिष्ठ बजरंग लाल चौरसिया ने संचालन किया। एवम अतिथियों को धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया वही नवरात्र के दूसरे दिन धनुष यज्ञ, मीनाबाजार, पेटल लखटकिया संवाद, रावण बाणासुर संवाद एवं सीताराम जयमाल की लीला दिखाने की जानकारी दर्शको को दी।

स्वामी आत्मानंद स्कूल शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में नहीं हुई है किसी प्रकार की गड़बड़ी

लिपिकीय त्रुटि से हुआ अंकों का गलत उल्लेख:डीईओ

जानकारी मिलते ही तत्काल संशोधित आदेश किया गया जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 17 अक्टूबर। कलेक्टर चंदन कुमार ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के संबध में भ्रामक प्रकाशित समाचारों को बेहद गंभीरता से लिया है। उन्होंने इस संबध में जिला शिक्षा अधिकारी से विस्तृत रिपोर्ट ली है। जांच रिपोर्ट में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा उक्त खबरों को सिरे से नकारते हुए भूलवंश लिपिकीय त्रुटि से हुई गलती बताया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी देवांगन ने इस संबध में विस्तृत जानकारी दी हैं।

उन्होंने बताया कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अंग्रेजी माध्यम समिति जिला बलौदाबाजार - भाटापारा द्वारा जिले के व्याख्याता (गणित) विषय का साक्षात्कार 20 सितंबर 2023 को तीन साक्षात्कार विशेषज्ञों द्वारा लिया गया, जिसमें आवेदकों को अंक प्रदान किये गए। दिनांक 06 अक्टूबर 2023 को जारी गणित विषय की प्रावीण्य सूची में निम्न टंकन त्रुटियों के संज्ञान मे आने के पश्चात् त्रुटि सुधार कर पुनः संशोधित प्रावीण्य सूची 06 अक्टूबर 2023 को तत्काल जारी की गई जो कि विस्तृत में निम्नानुसार है। नेहा साहू, शाला- कसडोल, विषय- गणित (व्याख्याता) को 06 अक्टूबर को जारी प्रावीण्य सूची में साक्षात्कार का 20 प्रतिशत मे से 23.66 अंक मुद्रित पश्चात् टंकन त्रुटिवश जारी हुई। इसमे तीन साक्षात्कार विशेषज्ञों द्वारा समस्त अभ्यार्थियों को अंक प्रदान किये गए है लेकिन टंकन त्रुटिवश नेहा साहू को साक्षात्कार दल के चौथें विशेषज्ञ का त्रुटिवश अंक 20 मुद्रित हो गये है और औसत की त्रुटि युक्त गणना इस प्रकार की गई। बाकि समस्त अभ्यार्थियों को भी चौथें साक्षात्कार विशेषज्ञ उपलब्ध नही होने के कारण प्रपत्र में चौथे विशेषज्ञ का अंक शून्य मुद्रित है। क्योंकि चौथा विशेषज्ञ साक्षात्कार दल में शामिल ही नही था बल्कि तीन साक्षात्कार विशेषज्ञों के द्वारा ही संपन्न किया गया है।

अतः नेहा साहू को प्रदत्त चौथे साक्षात्कार विशेषज्ञ के कॉलम में मुद्रित अंक को दस्तावेजी परीक्षण पश्चात् शून्य मुद्रित कर संशोधित प्रावीण्य सूची जारी की गई जिसमे चयनित अभ्यर्थी प्रभावित नही हुए है। इसी प्रकार मिताली स्वर्णकार, शाला - निपनिया, विषय - गणित व्याख्याता का स्नातकोत्तर में प्राप्त 65.2 प्रतिशत का 40 प्रतिशत त्रुटियुक्त गणना में 29.70 प्रतिशत लिया गया। जबकि सही गणना 26.02 प्रतिशत होता है। इस प्रकार कुल योग 68.34 के स्थान पर 64.72 प्रतिशत सही गणना पश्चात् हुआ एवं प्रावीण्य सूची में पूर्व में चौथे स्थान पर थी संशोधन पश्चात् पांचवे स्थान पर आ गई। मिताली स्वर्णकार की ही 2क्र - विरेन्द्र दास, शाला निपनिया, विषय - गणित (व्याख्याता) भांति इनका भी स्नातकोत्तर मे प्रासांक 64.4 प्रतिशत का 40 प्रतिशत त्रुटियुक्त गणना के कारण 34.96 प्रतिशत लिया गया जबकि सही गणना में 25.75 प्रतिशत होता है। इस प्रकार विरेन्द्र दास की संशोधन से पूर्व कुल योग 76.35 प्रतिशत होने के कारण प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान होने के कारण चयनित हो गये थे लेकिन त्रुटि संज्ञान मे आने पर दस्तावेजी परीक्षण पश्चात् सही गणना किये जाने पर कुल योग 71.94 के बजाय 67.14 प्रतिशत हुआ एवं संशोधित प्रावीण्य सूची में विरेन्द्र दास पांचवे स्थान पर आये तथा यतिशा चौधरी का संशोधित प्रावीण्य सूची में अधिकतम 71.94 प्रतिशत होने के कारण प्रथम स्थान में चयन हुआ। इस प्रकार त्रुटि संज्ञान में आने पर संशोधित प्रावीण्य सूचीं एनआईसी के माध्यम से इंटरनेट पर तत्काल 06 अक्टूबर को जारी की गई जिसे से कुछ लोगो द्वारा विडियो क्लिपींग वायरल कर दिगभ्रमित कर जिला स्तरीय समिति की छवि एवं विभाग की भी छवि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया गया एवं शिक्षक भर्ती मे गड़बड़ी मुख्य शीर्षक से समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के प्रकाशन से पूर्व ही समिति द्वारा त्रुटि की पहचान कर संशोधित प्रावीण्य सूची लोगों की जानकारी हेतु एनआईसी के माध्यम से इंटरनेट पर जारी की गई है।

समाचार संक्षेप

तहसील स्तर पर मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

बलौदाबाजार, 17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। आगामी विधान सभा निर्वाचन में मतदान कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में सोमवार को जिले के सभी तहसील मुख्यालयों में मतदान कर्मियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित की गई। प्रशिक्षण में करीब 4200 मतदान कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को ईवीएमम मशीन एवं वीवीपैट की इंस्टालेशन, मॉक पोल, मतदान के लिए पहचान पत्र, सामग्री प्राप्ति एवं वापसी आदि विषयों पर मास्टर ट्रेनर द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अंशुल वर्मा ने बताया कि मतदान कर्मियों को तहसील स्तर पर प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया जिसमे सभी तहसीलों से कुल 4200 कर्मचारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण लेने वाले कुछ कर्मचारी यदि किसी कारणवश मतदान कार्य से अलग हिट है तो उनके स्थान पर नियुक्त नए कर्मचारी को शुरू से प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतदान कर्मियों को मतदान कार्य में दक्ष बनाने के लिए समय- समय पर निरंतर प्रशिक्षण जारी रहेगा ताकि सुव्यवस्थि मतदान सम्पन्न हो सके।

मशाल रैली निकालकर शत प्रतिशत मतदान का दिया संदेश, निष्पक्ष मतदान कराने का लिया संकल्प

बलौदाबाजार, 17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। लोकतंत्र को मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में स्वीप अंतर्गत सोमवार को संध्या में अधिकारी - कर्मचारियों द्वारा मशाल रैली निकली गई। मशाल रैली बलौदाबाजार के गार्डन चौक से शुरू होकर अम्बेडकर चौक तक निकाली गई। रैली में फ्हम सब ने ठाना है निष्पक्ष मतदान कराना हैफ् का नारा लगाते हुए शतप्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। अम्बेडकर चौक पहुंचकर अधिकारी - कर्मचारियों ने निष्पक्ष मतदान कराने का संकल्प भी लिया। ज्ञातव्य है कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन तथा स्वीप के नोडल अधिकारी नम्रता जैन के नेतृत्व में स्वीप अंतर्गत जिले में अनेक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का अय्योजन किया जा रहा है। इसमे स्कूली एवं कॉलेज के विद्यार्थी, महिला समूहों अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि बढ चढ़कर शामिल हो रहे है। मशाल रैली में जनपद सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारी शामिल हुए।

32 पाव देशी मदिरा मसाला शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 17 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 823/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। मामला इस प्रकार है कि 16 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना मिलने पर आरोपी रोशन ठाकुर पिता लक्ष्मण ठाकुर उम्र 26 साल साकिन करमदा थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के पास से भारी मात्रा में शराब रखने की सूचना पर घेराबंदी कर पकडे तथा आरोपी से 32 पाव देशी मदिरा मशाला शराब कुल 5.760 बल्क लीट किमती 3520 रूपये एवं शराब परिवहन मे प्रयुक्त मो0 सा0 ।स्न डिलक्स ष्टत्न -22 -3362 किमती 25000 रूपये को किया गया आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर 87 जगशीद राठौर एवं आर 279, 839 का विशेष योगदान रहा।

महामाया माता के मंदिर में माथा टेकने से पूरी होती है मनोकामना

- सैकड़ों वर्ष पुराना मंदिर में भक्तों की बड़ी आस्था, देवी के आस आने से मिलती है सुख शांति वैभव

✍ पंडित मालू राम शर्मा

तिल्दा-नेवरा, 17 अक्टूबर। नेवरा पुरानी बस्ती के महामाया मंदिर मां की भक्ति का अनोखा केंद्र है 15 वर्ष की उम्र के वक्त नव रात्रि में शक्ति के दरबार में मां की रोज पूजा करने पाठ करने का निरंतर शोभाग्य मिला है मां के दर्शन करने की इच्छा हुई और दरबार में माथा टेकने का अवसर मिला। नेवरा तिल्दा नगर का सौभाग्य है की मंदिर सेकडो वर्ष के बाद नव निर्मित जीवर्ण हूबा भक्ति की कृपा से नगर वासियों ने माता के मंदिर को आज के आधुनिक के चलते अच्छा बनाया। महामाया मंदिर में भक्त चले आते है पीढ़ी दर पीढ़ी सेवा में जुटे भक्त माता की कृपा से मंदिर का चुमुखी विकास में लगे है। नेवरा नगर देखते देखते विकास की ओर है देवी देवताओं की मर्जी से भक्तो में मां के प्रति आस्था बढ़ी है। महामाया मंदिर में स्थापित देवी चमत्कारी है देवी के शरण में जो भी नर नारी आते है मां उनकी में मनो कामना पूरी करती है आस्था का केंद्र महामाया देवी की कृपा से नगर उन्नति कर रहा है।

धरसींवा और बलौदाबाजार में कांग्रेस से आखिर कौन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 17 अक्टूबर। तिल्दा-नेवरा इस वक्त धरसीवा ओर बलौदा बाजार विधान सभा में एक और बीजेपी ने अपने प्रत्यासियों को मैदान में उतारकर चुनावी रण की शुरू बात करदी है लेकिन अब तक काग्रेस ने अपने प्रथासियो की घोषणा नही की है दोनो विधान सभाओं में लोग पूछ रहे है आखिर काग्रेस से कोन होगा दावेदार इस तरह की चर्चा हर जगह चल रही है। बलोदा बाजार में बीजेपी के जिला चुनाव कार्यलय में बलौदा विधान सभा के कोने कोने से कार्यकर्ता समलित हुए और चुनाव के लिए हर बूथ में कार्यकर्ताओं ने मोर्चा समाल लिया है। दोनो विधान सभा में अनेक निर्दलय चुनाव लडने का मन बना चुके है और यह तब होगा जब काग्रेस प्रत्यासी की घोषणा करेगी। कुछ तो अभी प्रतीक्षा में लगे है अब तक विधायक प्रमोद शर्मा ने भी अपने पत्ते नही खोले है उनके समर्थक ओनली काग्रेस के

दावेदार की घोषणा का इंतजार कर रहे है। आप और बहुजन पार्टी के भी दावेदार होगे।

काग्रेस से शैलेश नितिन त्रिवेदी की लगातार टिकिट मिलने की चर्चा है और पिछले दिनों से क्षेत्र में हर जगह सक्रियता है कार्यकर्ताओं के बीच और गांव गांव में दौरा कर सक्रिय होकर अपनी पकड़ मजबूत बना रहे है समर्थकों में जिस तरह उत्साह है उसे स्पष्ट है की बलोदा बाजार में प्रमुख नाम त्रिवेदी का चल रहा है। छाया वर्मा के समर्थक भी सक्रिय है काग्रेस की नेत्री पूर्व सांसद छाया वर्मा के समर्थक उनकी टिकिट पक्की मान रहे है आजकल में काग्रेस की दूसरी सूची की लोगो को इंतजार है वैसे काग्रेस के स्थानीय नेता ओनली काग्रेस की टिकिट का इंतजार कर रहे है।

बैठक में कलेक्टर ने कहा-सभी निगरानी दल सक्रिय होकर करें पुख्ता कार्रवाई

परिवहन व आबकारी विभाग के अधिकारियों को सुस्ती पर लगाई फटकार

- एफएसटी, एसएसटी एवं जीएसटी टीम को मिला प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 17 अक्टूबर। कलेक्टर चंदन कुमार ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित एफएसटी, एसएसटी एवं जीएसटी दल के प्रशिक्षण में सभी निगरानी दलों को सक्रिय होकर भ्रमण करने तथा ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण में दी जाने वाली जानकारियों को गंभीरतापूर्वक सुन एवं समझ कर आत्मसात करने कहा।

कलेक्टर ने परिवहन और आबकारी विभाग द्वारा की जाने वाली कार्यवाही में अपेक्षित प्रगति नही लाने पर जिला अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निगरानी दलों को सक्रिय करते हुए जब्ती की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन टीम के लिए प्लानिंग करें कि कौनसी टीम किस क्षेत्र में भ्रमण करेगी। संयुक्त जांच टीम गठित करें और रात्रि में जांच के लिए निकलें। उन्होंने कहा कि शराब, नकदी तथा अन्य सामग्रियों के अवैध परिवहन पर पूरी तरह से नियंत्रण करें। जांच के दौरान ध्यान रखें कि आम नागरिकों को किसी तरह की परेशानी न हो बल्कि उनका सहयोग लें। उनके

साथ शालीनता का व्यवहार करें लेकिन नियमो के अनुपालन में कोई समझौता न करें। कलेक्टर ने जिला आबकारी अधिकारी को अवैध शराब परिवहन पर प्रतिदिन जब्ती की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। सूचना तंत्र को मजबूत कर छापेमारी करते हुए जब्ती की कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। सभी अधिकारी- कर्मचारी निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप कार्य करें।

कलेक्टर ने उड़नदस्ता दल सहित अन्य निगरानी दलों को अपने विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा जीएसटी की टीम से सतत संपर्क में रहकर तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निगरानी दल रोटेशन में काम करेंगे। क्षेत्र भ्रमण में जाने के दौरान टीम को कैमरा भी दिया जाएगा जिससे कार्यवाही की वीडियोग्राफी करनी होगी। इस वीडियो को साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जाएगा। उन्होंने प्रशिक्षण में सी- विजिल एप तथा इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में भी विस्तार से जानकारी देने के निर्देश दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने कहा कि सभी विधानसभा में गठित 3- 3 निगरानी दलों को संवेदनशील स्थानों पर जाकर कार्यवाही सुनिश्चित करना है। सभी टीम एक्टिव मोड़ में आकर कार्य करे ताकि इसके परिणाम भी दिखाई दें। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर वीसी एक्का, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, सहायक कलेक्टर सुश्री नम्रता चौबे सहित एफएसटी, एसएसटी एवं जीएसटी टीम के सदस्य उपस्थित थे।

एक नजर

प्रार्थना महोत्सव का शुभारंभ

रायपुर, 17 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मंगलवार को राष्ट्रीय प्रार्थना महोत्सव की शुरूआत हुई। इसके पूर्व सोमवार को कैंडल प्रेयर वॉक चर्च ऑफ नार्थ इंडिया के मॉडरेटर द मोस्ट बी. के. नायक की अगुवाई में हुआ। उन्होंने बिशपों तथा देशभर से आए प्रार्थना योद्धाओं के साथ सेंट पॉल्स कैथेड्रल परिसर की परिक्रमा कर दुआ मांगी। डायसिस के बिशप एसके नंदा व सचिव नितिन लारेंस व अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए। प्रवक्ता जॉन राजेश पॉल ने बताया कि महोत्सव सेंट पॉल्स कैथेड्रल में 19 अक्टूबर तक चलेगा। मंगलवार को प्रार्थना महोत्सव सेरेमनी सेंट पॉल्स कैथेड्रल में सुबह 10 से दोपहर 12 तक मॉडरेटर नायक ने शुरुआत की। प्रारंभ में क्वायर द्वारा मसीही भजनों का गायन किया। इसमें छत्तीसगढ़ी भजन भी शामिल थे। प्रारंभिक प्रार्थना के बाद जनरल कन्वीनर रेवरेंड पी टोप्पो ने वेलकम स्पीच दी। पवित्र धर्मशास्त्र का पाठ रेवरेंड एस अधिकारी रायगढ़ ने किया। तत्पश्चात मॉडरेटर का संदेश हुआ। उन्होंने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर रायपुर को बेहद खूबसूरत बताते हुए यह प्रेयर फेस्टिवल के आयोजन को सुअवसर बताया। मास प्रेयर भी की गई।

वेदांता एल्यूमिनियम श्रेष्ठ उत्पाद आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध

रायपुर, 17 अक्टूबर। विश्व मानक दिवस के मौके पर भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने अपनी विस्तृत उत्पाद श्रृंखला में उच्च गुणवत्ता और सस्टेनेबिलिटी मानकों की मजबूती के लिए प्रतिबद्धता दोहराई है। वेदांता एल्यूमिनियम देष के एल्यूमिनियम क्षेत्र की पहली कंपनी है जिसने भारतीय मानक ब्यूरो का प्रमाणन हासिल किया है। कंपनी के अनेक एल्यूमिनियम उत्पादों को बीआईएस के उपलब्ध गुणवत्ता मानकों के मुताबिक प्रमाणित किया गया है। इस अवसर पर कंपनी ने भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित जागरुकता कार्यक्रमों में भाग लिया जिनमें व्यापार उत्कृष्टता व सफलता सुनिश्चित करने में उच्च गुणवत्ता मानकों के महत्व पर बल दिया गया।

बेटी बचाओ मंच ने किया देवी महिमा का संगीतमय आयोजन

रायपुर, 17 अक्टूबर। नवरात्रि के दूसरे दिन बेटी बचाओ मंच विप्र नगर की ओर से साहू सदन मे देवी महिमा का संगीतमय आयोजन किया गया। मंच के पदाधिकारियो ने संगीतमय धुन में ढोलक, मजीरा, खंजरी के साथ टीका सहित देवी महिमा पर सुमधुर भजन प्रस्तुत किया। अंत में देवी आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, शशि यादव, नमिता डडसेना, रश्मि कश्यप, मुन्नी साहू, गायत्री शर्मा, रमेश डडसेना, अश्वनी कश्यप, डीके साहू, श्रद्धा उपाध्याय, रिंकी हरिनखेड़े, सविता साहू, मीना साहू सहित पदाधिकारी शामिल थे।

कांग्रेस की टिकिट को लेकर रायपुर से दिल्ली तक घमासान

■ टिकिट काटने पर अन्य दलों से लड़ने की धमकी ■ कांग्रेस मुख्यालय में छत्तीसगढ़ के महत्वाकांक्षी नेताओं का जमावड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

रायपुर, 17 अक्टूबर। छग विधानसभा के दूसरे चरण के लिए 21 अक्टूबर से नामांकन पत्र भरना शुरू हो जाएगा, लेकिन कांग्रेस ने अभी तक शेष 60 सीटों पर अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। इसको लेकर अब सभी संभावित प्रत्याशी प्रदेश मुख्यालय से लेकर दिल्ली से कांग्रेस मुख्यालय तक चक्कर काट रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से मिलने वालों का तांता लगा हुआ है। टिकिट चाहने वाले एवं उनके शुभचिंतक मुख्यमंत्री निवास का भी चक्कर काट रहे हैं। आज दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक हो रही है जिसमें 12 सीटों पर अभी भी पेंच फंसा हुआ है। जिस तरह से प्रारंभिक सूची में आठ विधायकों का टिकिट काटा गया है इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि दूसरी सूची में करीब 10 से अधिक विधायकों का नाम काट दिया जाएगा। दिल्ली के विभिन्न निजी होटलों तथा सांसदों के निवास में टिकिट मांगने वालों का मेला लगा हुआ है। रायपुर दक्षिण में भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ किसे खड़ा किया जाए यह तय नहीं हो पा रहा है। रायपुर उत्तर व ग्रामीण की सीटों पर भी अभी तक कोई निर्णय नहीं हो पाया है।

आप कार्यालय का भी चक्कर काट रहे महत्वाकांक्षी विधायक: अंबिकापुर जिले के रामानुजगंज से कांग्रेस विधायक दिल्ली में जमे हुए हैं। बिलाईगढ़ के वर्तमान विधायक भी ईडी के घेरे में हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का कोपभाजन बने इन नेताओं की टिकिट काटी जा रही है। अंबिकापुर के विधायक टीएस सिंहदेव केंद्रीय चुनाव समिति में हैं अंबिकापुर जिला से नए चेहरों को टिकिट मिलेगी। जिन चेहरों को टिकिट नहीं मिलने की आशंका है वे आप कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। रायपुर से फ्लाइट की बुकिंग बढ़ गई है। नेताओं का आना-जाना तेज हो गया है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार नवरात्र की अलग-अलग तिथियों में टिकिट की घोषणा की जाएगी।

कवर्धा से भाजपा के विजय शर्मा 18 को भरेंगे नामांकन

■ असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा रहेंगे उपस्थित
■ मनसुख मांडविया ने चुनावी रणनीति बनाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

रायपुर, 17 अक्टूबर। हाईप्रोफाइल कवर्धा विधानसभा सीट के लिए 18 अक्टूबर को भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा अपना नामांकन दाखिल करेंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। इस हाईप्रोफाइल सीट पर राजनीतिक ताकत दिखाने के लिए भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे।

भाजपा स्वागत समिति के संयोजक लोकेश कावड़िया ने बताया कि प्रथम चरण के तहत नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर है। इसलिए अब भाजपा प्रत्याशियों को बी-1 फार्म भिजवा दिया गया है। छत्तीसगढ़ के सहप्रभारी मनसुख मांडविया ने वरिष्ठ नेताओं के साथ चुनावी रणनीति बनाई है अमित शाह और मोदी की सभा आयोजित करने विचार-विमर्श किया गया। कांग्रेस में कई विधायकों की टिकिट कटने के बाद अब भाजपा के सभी प्रत्याशी अपनी रणनीति बना रहे हैं। राजनांदगांव में डोंगरगढ़, डोंगरगांव, खुज्जी तथा राजनांदगांव के प्रत्याशियों ने नामांकन का एक-एक सेट भर दिया है।

बस्तर में भाजपा प्रत्याशियों ने एकजुट होकर नामांकन पत्र भरने का निर्णय लिया है। कोण्डागांव की भाजपा प्रत्याशी लता उसेंडी ने बताया कि वे समर्थकों के साथ 20 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। उनके साथ कई वरिष्ठ नेता रहेंगे। केशकाल के नीलकंठ टेकाम भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। कवर्धा के अलावा हाईप्रोफाइल सीट राजनांदगांव भी है। प्रथम चरण में मोहला-मानपुर के अलावा अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, तथा बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में भी नामांकन पत्र 20 अक्टूबर को भरा जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री उपस्थित रहेंगे। भाजपा की ओर से नामांकन के दौरान कई वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे।

करोड़ों रुपये के टेंडर पर आचार संहिता की छाया

■ स्क्रीनिंग कमेटी से पारित होने के बाद आयोग से मिलेगी हरी झंडी

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

रायपुर, 17 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ सरकार के विभिन्न विभागों में टेंडर की प्रक्रिया लंबित है। चुनाव की घोषणा होते ही अब इन टेंडरों पर आचार संहिता की छाया मंडराने लगी है जिसके कारण सभी कार्य लंबित हैं।

मिली जानकारी के अनुसार नवा रायपुर में सेक्टर 19 में अनेक भवनों का निर्माण चल रहा है। इसमें बिजली तथा अन्य कार्य किए जाने हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी निर्माण कार्य चल रहे हैं। सरकार के नुमाइंदे इस कार्य को जारी रखने के लिए परेशान हैं लेकिन जिन कार्यों में वर्क ऑर्डर हो चुका है वह काम होगा। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार इस समय करोड़ों के टेंडर आचार संहिता के कारण फंसे हुए हैं। आयोग ने इसके लिए अलग-अलग विभागों में स्क्रीनिंग कमेटी बना दी है। आयोग के अधिकारियों ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे स्क्रीनिंग कमेटी पहले अपना आवेदन दें इसके पश्चात इसे आयोग में भेजें। आयोग इन प्रस्तावों को दिल्ली भेजेगा इसके पश्चात हरी झंडी मिलने पर काम शुरू हो पाएगा। ज्ञात रहे नवम्बर-दिसम्बर माह में चुनाव कार्यक्रम चलने के कारण यहां पर सभी कार्य लंबित हैं। इस समय सभी शासकीय कार्यालयों में चुनाव की तैयारियों को लेकर निरंतर बैठकें हो रही है।

भारत निर्वाचन आयोग ले रहा नियमित बैठक

भारत निर्वाचन आयोग इस समय छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण तथा द्वितीय चरण के लिए होने वाले चुनाव के लिए निरंतर बैठकें ले रहा है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिल्ली के अधिकारी ज्वाइंट सीईओ नीलेश क्षीरसागर एवं विपिन मांझी से जानकारी ले रहे हैं। आयोग ने मतदान केंद्रों, संवेदनशील मतदान केंद्रों तथा मादक द्रव्यों की बरामदगी के संबंध में जानकारी मांगी है।

घोटालेबाज कांग्रेसी जाएंगे जेल : बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर, 17 अक्टूबर। अमित शाह के बयान उल्टा लटका देंगे वाले बयान पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का बयान सामने आया है. बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ का पैसा खाने वाले लोग, लोगों का शोषण करने वाले लोग, महादेव सट्टा एप में पैसे लगवाने वाले लोग कोयला, शराब, धान, रेत, सीमेंट, जंगल, जमीन घोटाला करने वाले लोग. ऐसे सब लोगों को उनके उचित स्थान बड़े घर में जाना ही पड़ेगा और इसके लिए तैयार रहना. कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची और विधायकों के टिकट कटने को लेकर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, मुख्यमंत्री ने जिन्हें आश्वासन दिया उन्हें टिकट नहीं दे रहे. टीएस सिहंदेव, चरणदास महंत, ताम्रध्वज साहू ने जिसे आश्वासन दिया उनको टिकट नहीं मिल रही. सिर फुट्व्वल की स्थिति है. पौने 2 महीने पहले बीजेपी ने 21 सीटों और अभी 64 सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए हैं, भाजपा आगे बढ़ गई है. कांग्रेस के अमित शाह डैमेज़ कंट्रोल करने आए वाले बयान पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, बीजेपी के पास में नेता हैं. कांग्रेस के पेट मे दर्द क्यों हो रहा? उन्होने कहा कि जब-जब यहां नेता आते हैं तब-तब कांग्रेस में घबराहट होती है. कांग्रेस पार्टी को डर लगता है कि कोयला, महादेव सट्टा मामले में कहीं अंदर न चले जाएं. कांग्रेस वालों की मोदी शाह के नाम से पेंट ढीली हो जाती है.

सीमा की नाकेबंदी देखने आधी रात निकले आईजी

रायपुर, 17 अक्टूबर। शहर की सीमा में नाकेबंदी करके वाहनों की चेकिंग में लगे पुलिस जवान उस समय हड़बड़ा गए, जब आधी रात स्वयं आईजी रतनलाल डांगी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस जवानों का उत्साह बढ़ाया और बाहर से आने वाले संदिग्ध वाहनों पर कड़ी नजर रखने कहा। उन्होंने चेकिंग के दौरान आमलोगों को किसी तरह की असुविधा न होने देने का निर्देश दिया। इसके बाद आईजी डांगी ने कोतवाली थाने का औचक निरीक्षण किया। रात में थाने में मौजूद स्टाफ और पेट्रोलिंग वालों से कामकाज की जानकारी ली। रविवार की देर रात पुलिस ने चेकिंग पाइंट लगाकर आने-जाने वाले वाहनों की जांच की। मंदिरहसौद और आरंग चेकिंग पाइंट में भी वाहनों की जांच चल रही थी।

इस दौरान आईजी डांगी शहर के गश्त पार्टी ओर चेकिंग पाइंट की जांच करने निकले। वे आरंग और मंदिरहसौद चेकिंग पाइंट पहुंचे। उन्होंने बाहर से शराब, साड़ी या अन्य गिफ्ट लाने वाले वाहनों पर बारीकी से नजर रखने के लिए कहा। चेकिंग में लगे जवानों का उत्साह बढ़ाया। इसके बाद कोतवाली थाने पहुंचे। थाना स्टाफ से कामकाज की जानकारी लेने के बाद नवरात्रि के दौरान दुर्गा पंडाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल पर पेट्रोलिंग बढ़ाने और कानून व्यवस्था के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। आदतन बदमाशों पर लगातार कार्रवाई का निर्देश दिया।

जीएसटी की विसंगतियों एवं सरलीकरण पर चर्चा

रायपुर, 17 अक्टूबर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के संवाद कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीण खण्डेलवाल जी एवं कैट राष्ट्रीय चेयरमेन श्री बृजमोहन अग्रवाल जी शामिल हुए। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीण खण्डेलवाल एवं राष्ट्रीय चेयरमेन श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि उपभोक्ताओं को सीधे अपने उत्पाद बेचने के लिए व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम के अधिकतम उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक टेक्नोलॉजी भागीदार के रूप में मेटा के साथ देश भर में एक बड़ा राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। कैट और मेटा की यह साझेदारी व्यापारियों और व्यवसायों को अधिक व्यापक रूप से ग्राहक संख्यान का आधार बनाने, अपने व्यवसाय को बढ़ाने और भारत की बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में और भी योगदान देने में मदद करेगी।

ई-कॉमर्स का मजबूत विकल्प बनेगा सोशल कॉमर्स: अमर

रायपुर, 17 अक्टूबर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि भारत में सोशल कॉमर्स तेजी से एक नए लेकिन मजबूत बिजनेस वर्टिकल के रूप में उभर रहा है जिसका आधार ई-कॉमर्स से भी बड़ा है और ऐसा माना जाता है कि वर्ष 2026 तक सोशल कॉमर्स ई-कॉमर्स को काफी पीछे छोड़ देगा-यह बताते हुए कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा की सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की व्यापक पहुँच एवं मज़बूत आधार के ज़रिए देश भर में सोशल कॉमर्स धीरे धीरे तेज़ी से ई-कॉमर्स का एक बड़ा विकल्प बनता जा रहा जिसमें ख़ास तौर पर व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम के ज़रिए बड़े पैमाने पर सोशल कॉमर्स व्यापारियों में फैलता जा रहा है।

भारत में सोशल कॉमर्स का वर्तमान बाज़ार आकार लगभग 8 बिलियन डॉलर का अनुमान है, जो 2030 में लगभग 85 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। जिस तरह से देश भर में व्यापारियों एवं ग्राहकों के बीच सोशल कॉमर्स का चलन तेज़ी से बड़ रहा है उसको देखते हुए यह आँकड़े बहुत जल्दी पार होने की बड़ी संभावनाएँ हैं। वर्तमान में भारत में व्हाट्सएप पर 75 करोड़, फेसबुक पर 37 करोड़ और इंस्टाग्राम पर 33 करोड़ उपयोगकर्ता हैं जो ई-कॉमर्स की तुलना में बहुत बड़ी संख्या है। भारत में लगभग 100 करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन उपयोगकर्ता हैं और स्मार्ट फोन के माध्यम से सोशल कॉमर्स का उपयोग, प्रमुख विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों की गड़बड़ियों को हराने के की ताक़त रखता है और इस दृष्टि से वर्ष 2026 तक सोशल कॉमर्स ई कॉमर्स से कहीं ज्यादा बड़ा डिजिटल कॉमर्स बनकर उभरेगा।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा कि कैट ने एक तरफ सरकार से ई-कॉमर्स नीति और नियमों को तुरंत लागू करने की पुरजोर मांग की है, वहीं दूसरी तरफ उसने सोशल कॉमर्स को सबसे बड़ा डिजिटल व्यापार का ज़रिया बनाने का फैसला किया है। यह व्यापार परिदृश्य और विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों के कदाचार को हराने के लिए एक प्रभावी उपकरण साबित होगा।

हमर राज पार्टी ने किया 19 प्रत्याशियों का ऐलान

रायपुर 17 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज की 'हमर राज पार्टी' ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पहली लिस्ट में 19 प्रत्याशियों के नाम हैं। अरविंद नेताम की इस पार्टी में 19 प्रत्याशियों के नामों पर मुहर लगी है। प्रतापपुर से गीता सोन्हे, सामरी से परसू राम भगत, लुण्ड्रा से अनुक प्रताप सिंह टेकाम, खरसिया से भवानी सिंह सिदारा, रामपुर से कन्हैया आनंद कंवर, बिल्हा से शिव नारायण ध्रुव, मस्तूरी से सुख राम खूंटे, सरायपाली से बिरितिया चौहान, बसना से जगदीश सिदार, कसडोल से परमेश्वरी पैकरा, संजरी बालोद से विनोद कुमार नागवंशी, डोंगरगांव से छत्तर राम चंद्रवंशी, खुज्जी से ललिता पैकरा, मोहला मानपुर से युवराज नेताम, भानुप्रतापपुर से अकबर राम कोर्राम, कोंडागांव से पनकु राम नेताम, नारायणपुर रामलाल उसेंडी, बस्तर से लखेश्वर कश्यप, बीजापुर से अशोक तलांडी को प्रत्याशी बनाया है।

विश्व खाद्य दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

रायपुर, 17 अक्टूबर। प्राचार्य डॉक्टर किरण गजपाल के नेतृत्व एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ उषा किरण अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि मिंज की अध्यक्षता में गृह विज्ञान विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 16 अक्टूबर 2023 को शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ में विश्व खाद्य दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे छात्राओ ने उत्साह पूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए गृह विज्ञान विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉक्टर रश्मि मिंज ने कहा कि भूमिगत जल का अपरिमित दोहन हुआ है एवं खाद्य संबंधी आदतों में भी वृहद स्तर पर परिवर्तन देखे जारहे है जिसका नतीजा आज यह है कि हमें विश्व के कई देशों में जल की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है तथा खाद्य संबंधी बुरी आदतों के फल स्वरुप सारा विश्व विभिन्न प्रकार की बीमारियों से जूझ रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम- काजल ठाकुर द्वितीय-आरजू वर्मा, तृतीय- प्रिया यादव रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ज्योति मिश्रा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ रेखा दीवान ने करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में प्राचीन काल से ही पानी को बहुत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है उन्होंने रहीम का उदाहरण देते हुए कहा की रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून पानी गए न ऊबरे मोती मानुष चून।

सूर्या रोशनी के फेस्टिव लाइटिंग कलेक्शन से लायें खुशियां

रायपुर, 17 अक्टूबर। सूर्या रोशनी लाइटिंग, पंखे, घरेलू उपकरण, स्टील पाइप और पीवीसी पाइप के लिए भारत के सबसे जाने-माने और भरोसेमंद ब्रांडों में से एक है और अपने कारोबार के 50वें वर्ष में कदम रख चुका है। भारत में लाइटिंग प्रोडक्ट्स के सबसे बड़े ब्रांड के रूप में पहचान बना चुका सूर्या रोशनी उद्योग जगत को सर्वश्रेष्ठ मानक देता रहा है। यह शायद भारत की एकमात्र कंपनी है जिसने पिछली सदी में लाइटिंग प्रोडक्ट बनाने की प्रचलित उत्कृष्टता बनाए रखने में भारी निवेश किया था और अब इस सदी में बिजली बचाने की नई तकनीक और उत्कृष्ट एलईडी लाइटिंग के उत्पादन में निवेश कर रहा है। पिछले 7 वर्षों में सूर्या रोशनी एलईडी लाइटिंग भारी मात्रा में देश की बिजली बचाने में सफल रही है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23